
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार



हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-37 | प्रयागराज, रविवार 11 सितम्बर 2022 से शनिवार 17 सितम्बर 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाःईशान खट्टर ने फोन में बदला जाह्नवी कपूर का नाम 8)

## संक्षिप्त समाचार

### वैज्ञानिकों ने किया चौंकाने वाला दावा

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**लंदन।** वैज्ञानिकों ने रिसर्च में पता लगाया है कि धूमपान नहीं करने वालों को भी फेफड़ों के कैंसर का खतरा बना रहता है। उन्होंन एक ऐसे नए तंत्र की खोज की है जिसके माध्यम से हवा में मौजूद बहुत छोटे प्रदूषण के कण उन लोगों के फेफड़ों में भी कैंसर पैदा करते हैं, जिन्होंने कभी धूमपान की सेवन नहीं की है। जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार बहुत छोटे कण भी सांस की कोशिकाओं में कैंसर को बढ़ावा देते हैं। कैंसर रिसर्च यूके द्वारा स्थापित फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने ऐंश्ध् ण्दही 2022 में इसका डेटा प्रस्तुत किया। वैज्ञानिकों ने पाया कि सभी बहुत छोटे प्रदूषण के कण वाहन के निकास और जीवाश्म ईंधन के धुएं में पाए जाते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि ये सभी कण नॉन-स्मॉल सेल लंग कैंसर को बढ़ावा देते हैं। इससे



फेफड़ों के कैंसर से पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष 250,000 से अधिक मौतें होती है। उन्होंने बताया कि जीवाश्म ईंधन के जलने से निकलने वाले कण जलवायु परिवर्तन को बढ़ाते हैं। इस प्रकार के कण मानव शरीर में सांस के माध्यम से अंदर जाते हैं और फेफड़ों की कोशिकाओं में कैंसर पैदा करते हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि धूमपान की तुलना में वायु प्रदुषण से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बहुत कम होता है। हालांकि हमरा सांस पर किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं है। फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के चार्ल्स स्वैंटन ने कहा कि पूरी दुनिया में सिगरेट से निकलने वाली जहरीले रसायनों की तुलना में वायु प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य को बहुत अधिक खतरा है। चार्ल्स स्वैंटन ने बताया कि और ख्रँ के जीन में म्युटेशन हुआ है, जो सामान्य तौर पर यह फेफड़ों के कैंसर में पाए जाते हैं और यह सामान्य फेफड़ों के ऊतकों में मौजूद होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला में जब इन म्युटेशन के साथ फेफड़ों की कोशिकाओं को वायु प्रदूषण के कण के संपर्क में लाया गया तो अधिक कैंसर देखा गया।

## सी जे आई ने न्यायपालिका में महिलाओं की संख्या में वृद्धि के दिए संकेत

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**पुडुचेरी।** भारत के प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित ने कहा है कि निकट भविष्य में न्यायपालिका की शोभा बढ़ाने वाली महिलाओं की संख्या अधिक होगी। शनिवार को डॉ बी आर अंबेडकर गवर्नमेंट लॉ कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन को संबोधित करते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश ने उपराज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन की अपील का उल्लेख अपने संबोधन में पहले किया था कि महिलाओं को बड़ी संख्या में आगे आना चाहिए। कानूनी अध्ययन और अधिक महिला न्यायाधीशों की भी मांग की। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पहले से ही उड़ीसा, झारखंड, राजस्थान और तमिलनाडु सहित पांच राज्यों में न्यायपालिका में प्रेरण स्तर पर महिलाओं की संख्या अधिक है। युवा वकीलों को संस्थानों से सनतक होने के बाद उनकी प्रतिभा का पोषण करने में मदद करने के लिए लॉ कॉलेजों को एक विषय के रूप में 'निणय' को शामिल करना चाहिए इस अवसर पर न्यायमूर्ति ललित ने स्मारिका का विमोचन किया। यहां लॉ कॉलेज के पूर्व छात्र मुख्यमंत्री एन.रंगसामी ने कहा कि क्षेत्रीय प्रशासन पेरिया कलापेट के पास लॉ कॉलेज के पास एक लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने की पहल पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पुडुचेरी में मद्रास उच्च न्यायालय की एक पीठ के लिए एक मजबूत मामला बनाया। रंगासामी ने कहा कि पुडुचेरी सरकार युवा वकीलों को उनके अभ्यास के शुरुआती चरण में 9,000 रुपये की मासिक सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने पुडुचेरी में वकीलों में से न्यायाधीशों को मद्रास उच्च न्यायालय में तैनात करने की गुहार लगाई। डॉ बी आर अंबेडकर गवर्नमेंट लॉ कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन में बोलने वालों में सवोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी रामसुब्रमण्यम और एम एम सुंदरेश और मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश टी राजा शामिल थे।



## केंद्रीय मंत्री की कांग्रेस को सलाह, पैसे बचाने हैं तो भाजपा शासित राज्यों में भरवाएं ईंधन

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी (पिज् एग्हुप् ड्डीइ) ने शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं को भाजपा शासित राज्यों में अपने वाहनों में ईंधन भरने की सलाह दी ताकि वे



पैसे बचा सकें। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता 12 राज्यों से 3,500 किलोमीटर की यात्रा करते हुए प्रति डीजल वाहन 1,050-2,205 रुपये बचा सकते हैं। ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'कांग्रेस के लिए सलाह का एक शब्दः यह उन राज्यों में प्रवेश करने से पहले भाजपा शासित राज्यों में ईंधन भरकर आम नागरिक की तरह लाभ उठा सकते हैं, जिन्होंने ईंधन की कीमतों में कमी के लिए आंखें मूंद ली हैं। उदाहरण के लिए, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर के बीच 14.5 रुपये प्रति लीटर का अंतर है।पुरी ने आगे बताया कि भाजपा शासित विभिन्न राज्यों में ईंधन भरने पर प्रति लीटर कितना पैसा बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'ये दिल्ली के बजाय हरियाणा में ईंधन भराने से 3.07 रुपये प्रति लीटर, राजस्थान की जगह यूपी से ईंधन भराने पर 3.96 रुपये प्रति लीटर, तेलंगाना की जगह महाराष्ट्र में ईंधन भराने से 3.55 रुपये प्रति लीटर और तमिलनाडु और केरल के बजाय कर्नाटक में ईंधन भराने से क्रमशः 6 .35 रुपये प्रति लीटर और 8.63 रुपये प्रति लीटर बचा सकते हैं।केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, 'कुल मिलाकर, 12 राज्यों, 3,500 किमी और 150 दिनों में अपनी यात्रा के दौरान, कांग्रेस 1,050 रुपये और 2,205 रुपये प्रति डीजल वाहन के बीच बचा सकती है। लक्जरी वाहनों के विशाल दल और काफिले को देखते हुए उनके 'युवा' नेता आमतौर पर यात्रा करते हैं, वे मुझे इस सलाह के लिए बाद में धन्यवाद दे सकते हैं।इस बीच, कांग्रेस ने शुक्रवार को तमिलनाडु में कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल शहर में पार्टी सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो यात्रा' के तीसरे दिन की शुरुआत की। यात्रा का तीसरा दिन नागरकोइल के स्कॉट क्रिश्चियन कॉलेज से तमिलनाडु के अझगियामंडपम जंक्शन तक शुरू हुआ। कन्याकुमारी से कश्मीर तक का 3,500 किलोमीटर का मार्च राहुल गांधी करेंगे, जो 150 दिनों में पूरा होगा और 12 राज्यों को कवर करेगा। 11 सितंबर को केरल पहुंचने के बाद यात्रा अगले 18 दिनों के लिए राज्य से गुजरेगी और 30 सितंबर को कर्नाटक पहुंचेगी। यह उत्तर की ओर बढ़ने से पहले 21 दिनों के लिए कर्नाटक में होगी।

## राहुल गांधी के साथ मीटिंग में पादरी के भड़काऊ बयान पर हंगामा

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**कन्याकुमारी।** 150 दिन लंबी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को विवादित कैथलिक पादरी जार्ज पोनैय्या से तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में



मुलाकात की। इस मुलाकात का एक वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हो रहा है। इसपर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने निशाना साधा और कहा, 'भारत जोड़ो या भारत तोड़ो आइकन दरअसल इसमें पादरी और राहुल गांधी बातचीत कर रहे हैं। राहुल ने पूछा, 'यशु मसीह ईश्वर का रूप हैं क्या यह सही है' इसपर पादरी ने कहा, 'वे वास्तविक ईश्वर हैं।' उन्होंने आगे कहा,' ईश्वर ने पुरुष का रूप धारण किया था, वास्तविक व्यक्ति का न की शक्ति की तरह... ताकि हम मानव शरीर को देख सकें।पादरी पोनैय्या और भड़काऊ बयान का लंबा इतिहास रहा है जिसके कारण पहले भी वे मुश्किलों में फंसे हैं। पिछले साल जुलाई में एक हेट स्पीच मामले में उन्हें मदुरै के काल्लीकुडी में गिरफ्तार कर लिया गया था। पादरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, अश्ख् नेता व अन्य के खिलाफ बयान दिया था। राहुल गांधी ने पुलियसूरकुरिची के मुट्टिदीचान पराई चर्च में पादरी से मुलाकात की जहां वे शुक्रवार सुबह रुके थे।

## यूं ही भाजपा के 'अजातशत्रु' नहीं हैं फडणवीस, पहले भी कई बार विपक्ष को चटाई धूल

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आखिरकार देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना से विधानसभा चुनाव में मिले धोखे का बदला ले ही



लिया। करीब एक सप्ताह से राजनीतिक मझधार में फंसे उद्धव ठाकरे ने बुधवार रात मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे ही दिया। इसके बाद देवेंद्र फडणवीस का एक बार फिर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठना लगभग तय माना जा रहा है। वह 31 महीने और एक सप्ताह बाद फिर से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। ये पहला मौका नहीं है जब देवेंद्र फडणवीस ने विपक्षियों को धूल चटाई है। इससे पहले भी वह कई बार इस तरह के राजनीतिक चमत्कार कर चुके हैं। आइये जानते हैं कैसा रहा है देवेंद्र फडणवीस का राजनीतिक सफर? कैसे वह मेयर से सीधे मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की राजनीति का वो नाम जिन्हें चुपचाप इसी तरह बड़े उलट-फेर करने के लिए जाना जाता है। चाहे वह शरद पवार के गढ़ में सेंध लगाना हो या फिर अजीत पवार को रातों-रात अपने खेमे में शामिल करना। महाराष्ट्र का मौजूदा राजनीतिक संकट और उद्धव के इस्तीफे के पीछे उनकी सोची-समझी रणनीति मानी जा रही है।

## अमित शाह ने उठाए राहुल गांधी पर सवाल

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तमिल पादरी जॉर्ज पोनैन्या के साथ राहुल गांधी के वीडियो पर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा किन ऐसा पहली बार नहीं हैं, ऐसे कई मौके आए हैं। जब कांग्रेस, सोनिया



गांधी और राहुल गांधी ने हिंदू धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। चाहे वह भगवान राम का सबूत मांग रहा हो या मां शक्ति का मुद्दा हो। वहीं, छत्तीसगढ़ के रायपुर में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय समन्वय बैठक हुई। बैठक का उद्घाटन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने किया। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सभा को भी संबोधित किया। उत्तर प्रदेश में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (इएइथ्) की जड़ मजबूत करने के अभियान में लगे पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव (एप्पर्न्ज्त् एग्हुप् र्भ्नि) समाजवादी पार्टी को लेकर अब बेहद कठोर हो गए हैं। शिवपाल सिंह यादव ने बेहद स्पष्ट लहजे में कहा कि समाजवादी पार्टी से हमने काफी धोखा खा लिया है। अब ना तो समाजवादी पार्टी से कोई गठबंधन होगा ना ही समझौते की कोई भी बात।बूथ अध्यक्ष संकल्प महासम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये वो राष्ट्र है, जिसके लिए लाखों लोगों ने अपने सिर कटवाकर भूमि को लाल करने का काम कर दिया। मुझे लगता है राहुल बाबा को भारत का इतिहास पढ़ने की जरूरत है। अभी राहुल बाबा विदेशी टी-शर्ट पहनकर भारत जोड़ने निकले हैं। मैं उनको और कांग्रेसियों को उनके संसद के भाषण का एक वाक्य याद कराता हूं कि भारत राष्ट्र है ही नहीं। अरे राहुल बाबा किस किताब में पढ़े हो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत पर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि गहलोत साहब, मैं आपके वादे याद कराने आया हूं। 2018 में राहुल बाबा के साथ आपने जो फर्जी के वादे किए थे, उन वादों के पांच वर्ष होने वाले हैं। भाजपा उन वादों का हिसाब मांगने आई है।क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद किंग चार्ल्स तृतीय ब्रिटेन के नए सम्राट हैं। शनिवार को ने ऐतिहासिक समारोह का आयोजन कर इसका आधिकारिक एलान कर दिया। इसे इतिहास में पहली बार टीवी पर दिखाया गया। इसके साथ ही वहां जमा लोगों ने काउंसिल के कूर्क द्वारा कही गई बात ईश्वर राजा की रक्षा करे को दोहराया।

### भारत ने चीन में मेडिकल की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों को किया आगाह

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**बीजिंग।** भारत ने चीन में मेडिकल की पढ़ाई करने का इंतजार कर रहे छात्रों को आगाह करते हुए विस्तृत



परामर्श जारी किया है। नए छात्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होने के बीच भारत ने चीन में पढ़ाई करने के बाद होने वाली समस्याओं के प्रति विद्यार्थियों को सतर्क किया है, जिनमें कम पास प्रतिशत, चीन की आधिकारिक भाषा पुतोंगहुआ सीखने की बाध्यता व भारत में बतौर डाक्टर प्रैक्टिस करने के कड़े नियम शामिल हैं। भारत ने यह एडवाइजरी ऐसे समय जारी की है, जब चीन के मेडिकल कालेजों में पढ़ने वाले हजारों भारतीय छात्र बीजिंग के कोविड वीजा प्रतिबंध के कारण दो वर्षों से अधिक समय से घर बैठे हैं। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, चीन के विभिन्न विश्वविद्यालयों में फिलहाल 23 हजार से ज्यादा भारतीय छात्रों ने दाखिला ले रखा है, जिनमें बड़ी संख्या मेडिकल छात्रों की है।

## पाकिस्तान के एफ-16 के साथ सुर्खियों में आया भारतीय तेजस फाईटर जेट, आखिर क्यों दीवानी है इसकी दुनिया

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अमेरिका ने पाकिस्तान को चौथी पीढ़ी के एफ-16 उनन्त लड़ाकू विमान दिए हैं। अब भारतीय वायु सेना भी काफी मजबूत हुई है। इसमें फ्रांस के राफेल विमानों के साथ तेजस जेट विमानों का नाम भी जुड़ा है। स्वदेश निर्मित तेजस के प्रति दुनिया के कई मकों ने तेजस में दिलचस्पी दिखाई है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि तेजस जेट विमान भारतीय वायु सेना के लिए कितने उपयोगी हैं। इन तेजस विमानों की क्या खासियत वया है। क्या भारत, पाकिस्तानी वायु सेना के बेड़े में शामिल एफ-16 से चिंतित है। इस क्रम में भारतीय वायु सेना में शामिल तेजस पर भी चर्चा होगी। उसकी किन खूबियों के कारण दुनिया के विकसित मुल्कों में तेजस के प्रति दिलचस्पी दिखाई है। रक्षा विशेषज्ञ प्रो अभिषेक प्रताप सिंह का कहना है कि भारतीय विमान तेजस ने यह दिखा दिया है कि वह कई मामले में चीन, रूस और दक्षिण कोरिया के विकसित विमानों से श्रेष्ठ है। अपने कई बेजोड़ खूबियों के कारण वह अन्य देशों के विमानों पर भारी पड़ा है। अगर तेजस विमान की तुलना सुखोई से की जाए तो यह उससे ज्यादा हल्के हैं। उन्होंने कहा कि तेजस भारत का पहला स्वदेशी लड़ाकू विमान है। इसमें 60 फीसद से ज्यादा कलपुर्जे देश में ही निर्मित हैं। इसकी दो श्रेणियां हैं। इसमें मार्क-1ए और 10 तेजस मार्क-1ए (ट्रेनर) या प्रशिक्षण विमान हैं। एक तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान की कीमत 550 करोड़ रुपये से ज्यादा है। यह सुखोई- लड़ाकू



विमान से अधिक है। 1- भारत में ही निर्मित तेजस जेट विमानों के वायु सेना में शामिल होने के बाद देश की सेना की ताकत में इजाफा हुआ है। तेजस एलमुनियम, लिथियम एलोय, कार्बन फाइबर कंपोजिट, टाइटेनियम एलाय और स्टील से बनाया गया है। इस वजह से तेजस दूसरे लड़ाकू विमानों की तुलना में बहुत हल्का है। तेजस का वजन केवल 65 क्विंटल है। तेजस के हल्का होने के बाद भी इसकी ताकत अपनी पीढ़ी के दूसरे विमानों से कम नहीं है। तेजस की सबसे बड़ी खूबी है कि इसके 50 फीसद से अधिक कंपोनेंट भारत में ही बने हैं। फरवरी 2019 में तेजस को एयरफोर्स में शामिल किया गया था। तेजस हल्के वजन में बहुत कारगर लड़ाकू विमान है क्योंकि वह 1.6 मैक की स्पीड से उड़ान भरता है। 2- तेजस को लैंडिंग और टेक आफ के लिए बहुत कम जगह की जरूरत पड़ती है। इसकी वजह से तेजस के लिए हथियार ले जाना बहुत आसान है। तेजस दुर्गम इलाकों में भी आसानी से लैंड कर सकता है। तेजस को रडार से बचने में महारत हासिल है। हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों मामलों में हमला करने में तेजस कारगर है। तेजस हर तरह के मौसम में काम करने में पूरी तरह से सक्षम है। यह सभी खूबियां तेजस को एक अनोखा एयरक्राफ्ट बनाती है। सुखोई विमान की तरह तेजस कई तरह के हथियार और मिसाइल ले जा सकता है। तेज हवा में भी ईंधन रिफिल कर तेजस फिर से दुश्मन के इलाके में जा सकता है।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई ३४२ शिकायतें, ०८का त्वरित निस्तारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में आयोजित किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुना गया। कुण्डा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 342 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 342 शिकायतों में से 97 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 94, विकास विभाग से 49, समाज कल्याण विभाग से 35, बेसिक शिक्षा विभाग से 04 एवं 63 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों की शिकायतों को सहूलियत देते हुये बिना लाइन के उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण का निर्देश दिया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बन्धित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुये सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि शिकायतों के मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्यवाही आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनो पक्षों की पूरी बात को अवश्य सुने क्योंकि शिकायतकर्ताओं/फरियादियों की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का मुख्य लक्ष्य है। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। उन्होने यह भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को बेवजह परेशान न किया जाये, जो भी शिकायतकर्ता अपनी समस्या लेकर आये, उनकी शिकायत को गम्भीरता के साथ सुना जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश चन्द्र त्रिपाठी उपजिलाधिकारी लालगंज सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सीएमओ, पीडी, उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश चन्द्र त्रिपाठी, तहसीलदार मनोज सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों के साथ माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** 3 सितंबर प्रयागराज,माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में उ0 प्र0 सरकार में निर्वतमान



कैबिनेट मंत्री मा0 श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी, मा0 सांसद गण तथा मा0 विधायक गण एवं वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ जनपद प्रयागराज के गांव-गरीब के विकास से संबंधित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने जानकारी देते बताया कि बैठक में अधिकारियों को आवास, शौचालय, मनरेगा जॉब कार्ड, ग्रामीण सड़कें आदि योजनाओं के लक्ष्य को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश

# नगर निगम द्वारा संचालित करैली क्षेत्र में कांजी हाउस के पास पशुपालकों के साथ समाजवादी नेता संदीप यादव द्वारा धरना प्रदर्शन जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** धरना प्रदर्शन के दौरान पशुपालक के द्वारा पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का प्रयास भी किया गया जिसे मौके पर मौजूद पुलिस ने रोका प्रदर्शन के बीच अज्ञात युवक द्वारा कांजी हाउस के दरवाजे में लगे ताले को भी तोड़ा गया पशुपालकों को न्याय दिलाने के लिए सपा नेता संदीप यादव धरने पर बैठे मौके पर पहुंचे नगर निगम के पशु अधिकारी ने कहा कि हमारे हाथ में कुछ नहीं है जानवर नीलाम करने के लिए



हमें कहा गया धरने पर बैठे पशुपालक और सपा नेता संदीप यादव ने कहा जब तक हमारे जानवर छोड़े नहीं जाएंगे तब तक हम धरने पर बैठे रहेंगे प्रयागराज पशुपालकों ने आरोप लगाया नगर निगम के ऊपर नगर निगम द्वारा जबरन खुटे से बंधे भैंसों को लाकर कांजी हाउस में रखा गया है। पशुपालकों ने विरोध दर्ज करते हुए कहा नगर निगम का तुगलकी फरमान वापस हो और हमारे जानवर को नीलाम करने की बात ना कर हमारे जानवरों को छोड़ें।

# होटल में लगी भीषण आग




**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** लखनऊ के हजरतगंज में लेवाना होटल में लगी भीषण आग दमकल की कई गाडियां मौके पर मौजूद कई लोगों के फंसे होने की खबर दमकल के कर्मचारी सभी को निकालने में लगे हुए हैं
आधुनिक समाचार प्रयागराज।

# सरस्वती हाईटेक सिटी में 1000 करोड़ के निवेश से जल्द ही होगा उद्योग का श्री गणेश

## पेप्सी कम्पनी सरस्वती हाईटेक सिटी में स्थापित करने जा रही है अपना प्लांट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** 3000 से अधिक लोगों को पेप्सी प्लांट के जरिये मिलेगा रोजगार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर वरूण



बेवरेजेज नैनी में करने जा रही 1000 करोड़ का निवेश नैनी औद्योगिक क्षेत्र और रोजगार की तलाश में भटक रहे युवाओं के लिए शुभ समाचार है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा 2015 में आधारशिला रखने के बाद जिस सरस्वती हाईटेक सिटी में अभी तक एक भी इंडस्ट्री नहीं लग सकी है, उस सरस्वती हाईटेक सिटी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के पहल पर वरूण बेवरेजेज यानी पेप्सी कम्पनी 1000 करोड़ रूपए का निवेश करने जा रही है। जिसकी तैयारी करीब-करीब पूरी हो गई है। जल्द ही वरूण बेवरेजेज पेप्सी कम्पनी को अलॉटमेंट लेटर दिया जाएगा, वहीं अलाटमेंट लेटर मिलते ही कम्पनी द्वारा भूमि पूजन कर प्लांट की स्थापना का कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार 2.0 में प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की जिम्मेदारी मिलते ही प्रयागराजवासियों को उम्मीद की किरण दिखी थी कि उद्योग विहीन हो रहे नैनी औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों को गति मिलेगी। बाहरी कम्पनियों के आगमन और भारी निवेश से बेरोजगारी दूर होगी और मां लक्ष्मी की कृपा प्रयागराज पर बरसेगी। प्रयागराजवासियों के उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरते हुए योगी सरकार की पहल पर पेप्सी कम्पनी सरस्वती हाईटेक सिटी में अपना प्लांट स्थापित करने जा रही है। प्रयागराजवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से जो उम्मीद लगाई थी वह सरकार गठन के 6 महीने के अंदर ही असर दिखाएगी, ऐसा किसी ने नहीं सोचा था। योगी सरकार के द्वितीय कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक निवेश को तेज गति देने के लिए 100 दिन के अंदर ही तीन जून को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 का आयोजन किया गया गया, जिसमें देश के दिग्गज उद्यमी शामिल हुए और 80 हजार 224 करोड़ रूपए के निवेश की आधारशिला रखी गई। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में ही वरूण ब्रवरेजेज यानी पेप्सी कम्पनी द्वारा मुख्यमंत्री से उत्तर प्रदेश में 2000 करोड़ रूपए के इनवेस्टमेंट का कमिटमेंट किया गया था। अपने कमिटमेंट को पूरा करते हुए वरूण बेवरेजेज ने चित्रकूट जनपद के मऊ तहसील के बरगढ़ क्षेत्र में 496.57 करोड रूपए का निवेश करते हुए प्लांट स्थापित करने के लिए आवेदन किया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय ने 15 दिन के अंदर वरूण बेवरेजेज को 68.73 एकड़ भूमि आवंटित कर दिया। चित्रकूट के बरगढ़ में पेप्सी कम्पनी का प्लांट स्थापित होने से 1200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

# रोजगार मेले में 114 बेरोजगारों का हुआ चयन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में निजी क्षेत्र की ब्राइट फ्यूचर्स आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड, हुण्डई मैनपावर सर्विसेज तथा अयूर हर्बल्स मैनपावर सर्विसेज कम्पनियों द्वारा रिक्त विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्रतिभाग किया। ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हार्बल लिमिटेड द्वारा ब्लॉक हेड/अन्य पद हेतु 33 अभ्यर्थियों, अयूर हर्बल्स मैनपावर सर्विसेज द्वारा 37 अभ्यर्थियों तथा हुण्डई मैनपावर सर्विसेज द्वारा 44 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस प्रकार से रोजगार मेले में कुल 114 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले से पूर्व आई कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा



अभ्यर्थियों की प्री प्लेसमेन्ट कैरियर काउसलिंग भी की गई जहां उन्हें निजी क्षेत्रों में उपलब्ध सम्भावनाओं से अवगत कराया गया। मेले में आरसेटी द्वारा प्रतिभाग करते संस्थान में संचालित कोर्सेज की जानकारी दी गई, साथ ही वित्तीय साक्षरता शिविर भी आयोजित किया गया। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर व स्टाफ शुभम श्रीवास्तव, तौहीद अहमद आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज में सिंगल डोर स्टेप डिलेवरी फ्लाप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** सरकारी राशन वितरण के लिए कोटेदारों को परेशान न होना पड़े, इसके लिए सिंगल डोर स्टेप डिलेवरी की सुविधा शुरू की गई है। हालांकि ठेकेदारों की मनमानी से यह व्यवस्था शुरू होते ही फ्लाप होने लगी है। आइए जानें कि ठेकेदार क्या मनमानी कर रहे हैं और कोटेदार क्यों परेशान हो रहे हैं। ठेकेदार क्या कर रहे मनमानी : ठेकेदारों की मनमानी से सरकारी राशन की दुकान पर समय से राशन नहीं पहुंच रहा है। ठेकेदार दुकान से लगभग तीन से चार किलोमीटर की दूरी पर राशन उतर दे रहे हैं। ठेकेदारों की मनमानी के कारण कोटेदारों में आक्रोश बढ़ने लगा है।सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के महामंत्री ने जताया आक्रोश : सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ में महामंत्री शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि ठेकेदार राशन पहुंचाने में मनमानी कर रहे हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी को भी सूचना दिया है लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रयागराज में 10.59 लाख राशन कार्ड धारक : जिले में 10.59 लाख लोगों को राशन का वितरण किया जाता है। इसके लिए 2200 कोटेदारों का चयन किया गया है। राशन कार्ड में 45 लाख यूनिट शामिल है। 150 लाख कुंतल राशन का वितरण प्रतिमाह किया जाता है। क्या कहते हैं जिला आपूर्ति अधिकारी : जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह कहते हैं कि सिंगल सिंगल डोर स्टेप डिलेवरी की सुविधा कोटेदारों के लिए शुरू की गई है। कई स्थानों से ठेकेदारों के खिलाफ मनमानी की शिकायत आ रही है। जांच कराकर ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# बाल संरक्षण समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति व पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने हेतु एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** को हंडिया ब्लॉक के झिरीहरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में पंचायती राज संस्थान, ग्राम बाल संरक्षण समिति व स्कूल प्रबंधन समिति को सशक्त बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण बैठक आयोजित किया गया। यूनिसेफ के सहयोग से एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा संचालित नई पहल परियोजना को लेकर बाल संरक्षण के मुद्दों जैसे की बाल श्रम, बाल विवाह व बाल हिंसा पर परिचर्चा की गयी। एक्शन एड एसोसिएशन के प्रयागराज समन्वयक व बाल संरक्षण सलाहकार रवि कुमार ने विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यों व बाल संरक्षण समिति के दायित्वों को अवगत कराते हुए ग्राम सभा के बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था को सुगम बनाने की व सुरक्षित माहौल बनाने की बात की साथ ही बच्चों के अधिकारों, पॉस्को एक्ट, आरटीआई एक्ट, जेजे एक्ट व अन्य कानूनों की जानकारी देकर लोगों से संकल्प लिया की अपने परिवार या अपने आस पड़ोस में बाल हिंसा, बाल श्रम व बाल विवाह नहीं होने देंगे और उसको रोकने में पूरी मदद करेंगे, यूनिसेफ तकनीकि रिसोर्स पर्सन शिवम त्रिपाठी ने बैठक में आर्थिक अभाव या अन्य समस्याओं के कारण बच्चे शिक्षा से नहीं जुड़ पा रहे हैं या बाल श्रम कर रहे हैं तो उसको श्रम विभाग व महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित कराते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की बात कही। ग्राम विकास अधिकारी हंडिया विकास खंड मनोज कुमार ने बाल संरक्षण समिति की नियमित बैठक सुनिश्चित कराने व गांव में बाल संरक्षण को लेकर एक सुगम वातावरण बनाने की बात कही। एक्शन एड से रवि कुमार ने बताया इसके अतिरिक्त प्रत्येक गांव में किशोरियों का समूह बनाकर बाल संरक्षण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज के इस कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार, यूनिसेफ तकनीकि रिसोर्स पर्सन शिवम त्रिपाठी, एक्शन एड प्रयागराज समन्वयक रवि कुमार, झिरीहरी ग्राम प्रधान रुपधर बिन्द, उमरी प्रधान हिन्द लाल बिन्द, विद्यालय प्रधानाध्यापक राममूर्ति सरोज, कुराकाट विद्यालय प्रधानाध्यापक केडी कुशवाहा, पंचायत सहायक रिंकी, प्रतिभा भारतीया, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम समेत समस्त आंगनबाड़ी,आशा, एएनएम, समेत गांव के अभिभावक व किशोर व किशोरियों ने प्रतिभाग किया।



# बर्खास्त अपर शोध अधिकारी सीएचसी में कर रहा ड्यूटी डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की थी कार्रवाई

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** जाली अभिलेखों के आधार पर नौकरी करने के आरोप में बर्खास्त किया गया अपर शोध अधिकारी मंगलवार 6 सितंबर को भी ड्यूटी पर नजर आया त् प्रतापगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ में तैनात था। दैनिक जागरण टीम अभी वहां पहुंची तो वह अपनी सीट पर बैठकर फाइलों में तल्लीन नजर आया त् उस पर हुई कार्रवाई के बारे में न उसे पता है और न ही वहां के अधीक्षक को ही इसकी जानकारी हैत् कौशांबी के सरसवा स्वास्थ्य केंद्र पर तैनाती के आधार पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने उसे बर्खास्त कर दिया है, लेकिन इस बात की जानकारी प्रतापगढ़ में विभाग के



पास नहीं है 1988 से है तैनात : श्रवण कुमार यादव की पहली तैनाती 27 अप्रैल 1988 को बहराइच जनपद के मल्हीपुर स्वास्थ्य केंद्र में हुई थी उसके बाद प्रयागराज, कौशांबी, बांदा, अमेठी और फिर जुलाई 2022 में अमरगढ़ में तैनात हुआ था प्रयागराज का है निवासी : मूल रूप से प्रयागराज के अल्लापुर मोहल्ले का रहने वाला श्रवण कुमार अपने ऊपर हुई कार्रवाई से अनजान है त् फोटो खींचे जाने लगी तो वह थोड़ा असहज हुआ लेकिन अपनी सीट पर जमा रहात्अमरगढ़ सीएचसी अधीक्षक बोले, हमें नहीं पता अमरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. पंकज कुमार का कहना है कि उनको श्रवण कुमार पर हुई किसी कार्रवाई की जानकारी नहीं दी गई है उच्च अधिकारियों का निर्देश आने के बाद कोई कदम उठाया जा सकता है।

# मीटर और केबल लेकर एक्सईएन का किया घेराव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** सुबह लगभग 11:00 बजे जिले के शंकरगढ़ ग्रामीणों ने अपना-अपना लेकर लेकर जॉर्ज



टाउन बिजली विभाग के दफ्तर में किया घेराव किया मामला सुन वर्षा गांव के सभी गांव वाले अपना मीटर लेकर और आक्रोश में आकर बिजली विभाग के एक्सईएन ऑफिस में घेराव करते हुए नजर आए काफी दिनों से नहीं गांव में खंभा लगा दिया गया है लेकिन कोई तार का नामोनिशान नहीं है बिजली का बिल 2 साल से बराबर आ रहा है ग्रामीण लोग बिल भरते भरते परेशान हो गए गांव के कुछ मुख्य लोग लाल बहादुर सिंह रोहित राजकली राजकुमारी गुडि़या सुशीला सरोज लीलावती एडवोकेट शंकर दयाल त्रिपाठी की अगुवाई में एक्सईएन को ज्ञापन देने एवं घेराव किया गया संवाददाता आधुनिक समाचार राकेश मिश्रा बारा।

# अध्यापक छात्रों को अच्छी शिक्षा दे करें सर्वांगीण विकास -जिलाधिकारी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में भव्यता के साथ शिक्षक दिवस मनाया गाया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग उ0प्रा0वि0 कटरा गुलाब सिंह के सहायक अध्यापक मो0 फरहीम, सत्येन्द्र बहादुर सिंह जू0हा0राजापुर बिन्धन के सहायक अध्यापक आलोक कुमार सिंह, संविलियन विद्यालय धीनापुर प्रधानाध्यापक वंश बहादुर यादव, संविलियन विद्यालय मानधाता द्वितीय के सहायक अध्यापक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय, प्रा0वि0 ढेकाही के प्रध्यानाध्यापक चन्द्रमणि तिवारी, संविलियन विद्यालय शंकर दयाल के प्रधानाध्यापक खुर्शीद अली, प्रा0वि0 कटकावली के प्रधानाध्यापक प्रतिभा पाण्डेय, प्रा0वि0 रामपुर प्रान के सहायक अध्यापक अंजनी कुमार सिंह व उच्च प्रा0वि0 नरहरपट्टी के सहायक अध्यापक आशुतोष तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के कृष्ण पाल सिंह इण्टर कालेज अर्जुनपुर की प्रधानाचार्या सुमन सिंह, साकेत गर्ल्स इण्टर कालेज दहिलामऊ की प्रधानाचार्या मीना सिंह एवं चन्द्रगुप्त मौर्य इण्टर कालेज मानिकपुर के प्रधानाचार्य श्रीराम पाल को सम्मानित किया गया। कर उन्हें योग्य नागरिक बनाये, उनका सर्वांगीण विकास करें, उनमें परिवार, समाज व राष्ट्र के प्रति संवेदना के भाव प्रकट करना सिखायें और साथ ही साथ आने वाले समय के राष्ट्र निर्माता के रूप में उन्हें तैयार करें। शिक्षक राष्ट्र निर्माण का कार्य करते है उनका दर्जा सर्वोच्च है। उन्होने कहा कि सभी के द्वारा पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कार्य को सम्पादित कर अपने स्कूल, कालेज व समाज को आगे ले जाने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया जाये। विद्यालय में शिक्षक समय से पहुँचे एवं शिक्षण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो। शिक्षक दिवस के अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश, सह जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी द्विवेदी सहित डा0 विन्ध्याचल सिंह, धर्मेन्द्र ओझा, रामकुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह एवं माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0अनीस ने किया।

# जनता दर्शन कार्यक्रम में जुटे सैकड़ो फरियादी कुछ का हुआ मौके पर निस्तारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**(बारा) प्रयागराज।** शुक्रवार को क्षेत्रिय विधायक डॉ वाचस्पति ने लोगों की समास्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया और कुछ समस्याओं को फोन करके समाधान किया आपको बता दें कि बारा विधायक डॉ वाचस्पति जब से विधायक निर्वाचित हुए निरंतर लोगो के बीच में बने रहते हैं और सबकी समस्याओं को सुनते हैं। आज उन्होने एमवी कांवेंट स्कूल गौहानिया में अयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आए दर्जनों फरियादियों की समस्या सुनी जिसमे बिजली की समस्या सबसे अधिक रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, नीरज केसरवानी, फूलचंद पटेल, श्यामू निषाद, गोकुल प्रसाद, विजय बहादुर भदौरिया, अर्जुन विश्वकर्मा, पीयूष तिवारी, आलोक पाठक, अरुण मालवीय, राकेश मिश्रा हरिशरण सिंह, दिनेश प्रजापति, मेलाराम, अभिषेक शुक्ला, राहुल यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। संवाददाता राकेश मिश्रा आधुनिक समाचार बारा।

# मंडलीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गाजीपुर बना चैंपियन

## मंडलीय ताईक्वांडो में गाजीपुर ने 25 स्वर्ण पदक पर किया कब्जा


**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**गाजीपुर ।** जिले के बरबराना स्थित एम.ए.एच. इंटर कॉलेज में 2 दिवशीय मंडलीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का समापन सनिवार देर में मेजबान गाजीपुर से अब्दुल मलिक खांन, शुभम मिश्रा, मिर्जापुर से अफसर खांन, रायबरेली से अमित श्रीवास्तव, वाराणसी से अरशद रजा व चंदौली से दिलीप कुमार गुप्ता प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी । समापन समारोह के अवसर पर मंडलीय क्रीड़ा सचिव गोपाल प्रसाद , मनोविज्ञान प्रवक्ता मुहम्मद कमरुद्दीन , इतिहाश प्रवक्ता मुहम्मद जमील



सांम तक हुवा । माध्यमिक शिक्षा विभाग की मण्डल क्रीड़ा समिति के तत्वाधान में आयोजित उक्त ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गाजीपुर की बालिका टीम ने 7 तो बालकों ने 18 कुल 25 स्वर्ण पदक जीत कर मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता का तकनीकी निदेशक गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि निर्णायक मण्डल सम्लित थें । प्रतियोगिता संयोजक शाहजहां खांन ने बताया कि प्रतियोगिता में गाजीपुर की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुवा , चंदौली द्वितीय तो वाराणसी तृतीय स्थान पर रही , जौनपुर की टीम को चतुर्थ स्थान से संतोष करना पड़ा । जिला क्रीड़ा सचिव विजय शंकर राय ने बताया कि मंडल की टीम आगरा में 10 से 12 सितंबर तक प्रदेश स्तरीय ताईक्वांडो खांन, हिंदी प्रवक्ता शम्स तबरेज खांन, ब्यायाम शिक्षक आकाश सिंह, संजीव सिंह, चंदौली टीम प्रबंधक वंशराज जी, अरुण कुमार, वाराणसी टीम मैनेजर विमल राव, गाजीपुर टीम प्रशिक्षक बिपूज कुशवाहा, ओमप्रकाश गुप्ता, ए.के.नेशनल इंटर कॉलेज औड़िहार के बबलू पाल, जौनपुर टीम प्रबंधक अंकित सिंह व कोच आशुतोष सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थें ।

# थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 01 अभियुक गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध देशी पिस्टल.32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस. 32 बोर बरामद

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद प्रयागराज के निदेशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहें अभियान के क्रम श्रीमान् पुलिस गिरफ्तारी/ बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना औद्योगिक क्षेत्र मे मु0अ0सं0 250/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी




अधीक्षक यमुनापर व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र के नेतृत्व मे उ0नि0 बलिराम कुमार मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मसिका तिराहे के पास थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से अभियुक सुधीर कुमार पजापति पुत्र गंगा पसाद निवासी रेही कला थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 अदद अवैध देशी पिस्टल 32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद किया गया यिा गाया उक्त

**गिरफ्तार अभियोगः-** मु0अ0सं0 250/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज

**आपराधिक इतिहासः-** मु0अ0सं0 242/20 धारा 136 भारतीय विद्युत अधिनियम थाना औद्योगिक क्षेत्र

**बरामदगी विवरणः-** 1. 01 अदद देशी पिस्टल .032 बोर , 01 अदद जिंदा कारतूस .32बोर

पुलिस टीम का विवरणः- उ0नि0 बलिराम कुमार, उ0नि0 निखिलेश तिवारी, का0 पंचदेव यादव, का0 कृष्णपाल थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज।

# 2024 का लोकसभा चुनाव चेहरा नहीं मुद्दा होगा महत्त्वपूर्ण, वाराणसी में बोलीं कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**वाराणसी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि देश में दो सबसे ज्वलंत मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी हैं, जिससे सरकार सदन में इस सवाल का जवाब देने से कतरा देश की जनता कराह रही है। पेट्रोल, डीजल, कागज, कपड़े, कलम, दूध, दही जैसे आम आदमी की चीजों के दाम बढ़ाकर सरकार ने कमर तोड़ दी है। सुप्रिया श्रीनेत ने इसे फिल्म पीपली लाइव के एक गाने के बोल सखी सईया तो नहीं कमात हैं महंगाई डायन खाय जात जायेगा। सामाजिक ताना बाना ध्वस्त हुआ है। बोट की गंदी राजनीति के खिलाफ यह यात्रा है। बताया की यह यात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र प्रशासित राज्यों से होकर गुजरेगी। 150 दिन लोग लगातार चलते रहेंगे। इसमें तीन प्रकार के यात्री होंगे पहला भारत



रही है। 2024 का चुनाव विलक्षण होगा। इसमें भाजपा का अहंकार चूर होगा। चेहरे से ज्यादा मुद्दा महत्वपूर्ण होगा शिक्षक दिवस पर शिक्षक समाज से भी वर्तमान में सच को झुठलाने के प्रयासों को अपने संस्थानों में हावी न होने देने का आग्रह किया। वे सोमवार को होटल सिध्दार्थ सिगरा में सात सितम्बर 2022 से 'कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी' तक आरम्भ होने वाली भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में मीडिया को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि सरकार उन मुद्दों से मुंह छिपा रही है जिससे है से आज की महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भारत जोड़ो यात्रा की जानकारी देते हुए कहा की यह कन्या कुमारी से कश्मीर तक 3500 किमी की यात्रा है। इसमें सभी विचारों के लोगों को शामिल होना है। यह यात्रा देश को जोड़ने वाली है। इस यात्रा के जरिए देश को तोड़ने वाली विचारधारा या उन प्रयासों को विफल किया जाएगा। बढ़ते तनाव के माहौल को कम किया जाएगा। सरकार ने अमीरों और गरीबों की खाई को बढ़ाया जिसे इस यात्रा के जरिए पाटा यात्री, दूसरा प्रदेश यात्री और तीसरा अतिथि यात्री होंगे। 118 लोग लगातार इस यात्रा का हिस्सा बने रहेंगे राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बताया की इस यात्रा में शामिल होने के लिए कोई भी व्यक्ति भारत जोड़ो यात्रा डॉट इन पर पंजीकरण करा सकता है। इसके साथ ही टोल फ्री नंबार 9999980200 पर मिस्ड काल करके यात्रा से जुड़ सकता है। अभी तक 40,000 लोग पंजीकरण करा चुके हैं। इसमें पूर्व मंत्री अजय राय, प्रदेश प्रवक्ता संजीव सिंह, नृपेंद्र नारायण सिंह मौजूद थे।

# अब बापूधाम एक्सप्रेस रुकेगी सिसवां बाजार स्टेशनःकेन्द्रीय मंत्री ने हरीझंडी दिखाकर किया ट्रेन को रवाना

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु गाड़ी सं0 12538/12537 बनारस - मुजफ्फरपुर-बनारस बापूधाम एक्सप्रेस को छः माह के लिए प्रायोगिक आधार पर हराव 5 सितम्बर 2022 से अगली सूचना तक सिसवां बाजार स्टेशन पर दिया जा रहा माननीय सांसद एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री के प्रयासों के परिणाम स्वरूप रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी सं0 12538 बनारस-मुजफ्फरपुर बापूधाम एक्सप्रेस को महाराजगंज जिले के सिसवां बाजार स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया की 05.09.2022 से बनारस तक 120 किमी घंटा गति से स्पीड ट्रायल किया । इस दौरान महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे अशोक कुमार मिश्र ने प्रयागराज रामबाग-बनारस के निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले उन्होंने प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दोहरीकरण हेतु यार्ड रिमॉडलिंग,प्लेटफार्मों के सुधार कार्य,पैदल उपरिगामी पुल, रिमाडलिंग



है। इस ट्रेन की हराव हो जाने से वहा क्षेत्र की आम जनमानस मेरे हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर आज सिसवां बाजार स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री,भारत सरकार श्री पंकज चौधरी के कर कमलों द्वारा गाड़ी सं0 12538 बनारस-मुजफ्फरपुर बापूधाम एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर आयोजित उद्घघाटन समारोह में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री पंकज चौधरी ने अपने सम्बोधन में बापूधाम एक्सप्रेस को महाराजगंज के सिसवां बाजार स्टेशन पर ठहराव देने के लिए रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा इसके पूर्व यह गाड़ी महाराजगंज जिले से गुजरती थी किन्तु जिले के किसी भी स्टेशन पर इसका ठहराव नहीं था। महाराजगंज जिले के सिसवां बाजार स्टेशन पर बापूधाम के ठहराव से न सिर्फ सिसवां बाजार के निवासियों को सुविधा होगी बल्कि महाराजगंज जिले के 20 लाख लोगों को भी अब बनारस,गोरखपुर,मोतिहारी एवं मुजफ्फरपुर जाने-आने में बहुत सुविधा होगी। विशेष रूप से महाराजगंज से इलाज, शिक्षा एवं व्यापार के लिए उक्त महानगरों में जाने वाले यात्रियों को इसका पूरा लाभ मिलेगा जिसके सकारात्मक परिणाम भविष्य में परिलक्षित होंगे। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (आपरेशन) एस0पी0 एस0 यादव ने बताया की यात्रियों की माँग एवं महाराजगंज के अगली सुचना तक गाड़ी सं0 12538 बनारस-मुजफ्फरपुर बापूधाम एक्सप्रेस गोरखपुर से रवाना होकर 13:00 बजे सिसवां बाजार स्टेशन पहुँचेगी और दो मिनट के हराव के बाद 13:02 बजे मुजफ्फरपुर के लिए रवाना होगी। इसी क्रम में 06.09.2022 से अगली सुचना तक गाड़ी सं0 12537 मुजफ्फरपुर-बनारस बापूधाम एक्सप्रेस बगहाँ से रवाना होकर 00:25 बजे सिसवां बाज़ार पहुँचेगी और दो मिनट हराव के पश्चात 00:27 बजे बनारस के लिए रवाना होगी। उन्होंने बताया इस गाड़ी के राव से सिसवां बाज़ार समेत आस-पास की जनता को भी मुजफ्फरपुर, बनारस एवं गोरखपुर महानगरों तक सीधी यात्रा का लाभ मिलेगा ।अशोक कुमार जन सम्पर्क अधिकारी वाराणसी के अनुसार इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (आपरेशन) श्री एस पी एस यादव, सहायक मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक श्री अजय कुमार सुमन, सहायक मण्डल इंजीनियर श्री ऋषि श्रीवास्तव समेत रेलवे अधिकारी कर्मचारी तथा भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।पूर्वोत्तर महाप्रबन्धक अशोक कुमार मिश्र ने मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय के संग व मुख्य परियोजना प्रबंधक विकास चन्द्रा के साथ निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज रामबाग-बनारस के निरीक्षण हेतु पूर्वाह्न प्रयागराज रामबाग पहुँचे।इस निरीक्षण के दौरान रेल खण्ड पर गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने के प्रयोग हेतु महाप्रबंधक ने अपनी स्पेशल ट्रेन से ज्ञानपुर रोड से प्लान,गार्ड लोको रनिंग रुम व स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। तदुपरान्त वे अपनी निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से रेलवे ट्रैक का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए झूँसी स्टेशन पहुँचे और झूँसी रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकृत दोहरी लाइन के निर्माण हेतु यार्ड रिमॉडलिंग,प्लेटफार्मों के उनन्यन एवं विस्तार कार्य,पैदल उपरिगामी पुल, रिमाडलिंग प्लान के अनुरूप स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगती की समीक्षा की तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का निरीक्षण कर सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया। महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे श्री अशोक कुमार मिश्र ने प्रयागराज रामबाग-बनारस के निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले उन्होंने प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दोहरीकरण हेतु यार्ड रिमॉडलिंग ,प्लेटफार्मों के सुधार कार्य,पैदल उपरिगामी पुल, रिमाडलिंग प्लान, गार्ड लोको रनिंग रुम तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। तदुपरान्त वे अपनी निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से रेलवे ट्रैक का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए झूँसी स्टेशन पहुँचे और झूँसी रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकृत दोहरी लाइन के निर्माण हेतु यार्ड रिमॉडलिंग,प्लेटफार्मों के उनन्यन एवं विस्तार कार्य,पैदल उपरिगामी पुल, रिमाडलिंग प्लान के अनुरूप स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगती की समीक्षा की तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का निरीक्षण कर सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन क्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15 सितम्बर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# सम्पादकीय

## डाटाबेस बने तो अपराधियों और अनुदान पाने वाले फर्जी संस्थानों पर लगेगी लगाम

आरपीएफ ने अपराधियों को पकड़ने और पीड़ित बच्चों की मदद के लिए चेहरे की पहचान, बायोमीट्रिक रिकॉर्ड और एक ऑनलाइन डाटाबेस के साथ सुरक्षा कैमरों का उपयोग करने की योजना बनाई है। एक रेल अधिकारी के मुताबिक, पहले ही मार्च, 2022 तक रेलवे 840 स्टेशनों पर सीसीटीवी लगा चुका है। महामारी के दौरान और उसके बाद अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा बाल तस्करी में तेज वृद्धि की चेतावनी के खिलाफ रेलवे पुलिस बल भी सक्रिय हो गया है, जिसमें बाल तस्करों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना है। दिसंबर, 2021 में एक नया एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) जारी किया गया, जो रेल पुलिस अधिकारियों से लेकर स्टेशन अधिकारियों तक की विभिन्न जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है। इस संबंध में नागरिक समाज संगठनों से जुड़े सदस्यों का कहना है कि चीजें काफी स्पष्ट हैं, पर अब भी सुधार की गुंजाइश है क्योंकि इसमें कुछ ऐसे नियम हैं, जो मानवाधिकार उल्लंघन को कम करने के बजाय गोपनीयता के अधिकारों को प्राथमिकता देते हैं। रेलवे स्टेशनों पर भागे हुए, लापता या तस्करी कर लाए गए बच्चों को बाल श्रम के जाल में फंसने से बचाना सरकार और नागरिक समाज की सदैव प्राथमिकता रहा है। महामारी ने इन बच्चों की संख्या में वृद्धि की है, जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है या जिनके माता-पिता को महामारी ने गरीबी में धकेल दिया है। इसलिए इसके प्रति और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। जुलाई, 2021 में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने औपचारिक रूप से प्रत्येक बच्चे तक पहुंचने के लिए अपने प्रयासों को आगे बढ़ाया है। विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रस्तुत फीडबैक के बाद, आरपीएफ ने दिसंबर, 2021 के अंत में रेलवे के संपर्क में रहने वाले बच्चों की देखभाल के लिए एक ताजा एसओपी जारी किया, जिसमें देश भर में रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र की करीबी निगरानी, सभी रेलवे हितधारकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर जोर दिया गया है। साथ ही, इसमें तकनीक के ज्यादा उपयोग की भी बात कही गई है। आरपीएफ ने अपराधियों को पकड़ने और पीड़ित बच्चों की मदद के लिए चेहरे की पहचान, बायोमीट्रिक रिकॉर्ड और एक ऑनलाइन डाटाबेस के साथ सुरक्षा कैमरों का उपयोग करने की योजना बनाई है। एक रेल अधिकारी के मुताबिक, पहले ही मार्च, 2022 तक रेलवे 840 स्टेशनों पर सीसीटीवी लगा चुका है। वह बच्चों की अन्य विवरणों के साथ बायोमीट्रिक और उनकी तस्वीरों को रिकॉर्ड करने की भी योजना बना रहा है। इसके लिए आरपीएफ रेलवे स्टेशनों पर बचाए गए बच्चों का ऑनलाइन डाटाबेस भी तैयार कर रहा है। रेलवे के एक अधिकारी कहते हैं, '2021 के मध्य तक देश के 7,400 रेलवे स्टेशनों में से केवल 132 में ही नियमित चाइल्ड हेल्पडेस्क था। हमारे पास 1,000 प्रमुख स्टेशन हैं, जिनमें कम से कम 202 स्टेशन सर्वाधिक व्यस्त और भीड़-भाड़ वाले हैं। ऐसे में हमें हेल्पडेस्क नेटवर्क को प्रभावी बनाने के लिए विस्तार की जरूरत है।आधार डाटाबेस भागे या लापता बच्चों के परिवारों का पता लगाने में महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है। फिर भी नागरिक संगठनों को एक अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को बचाने के लिए काम करने वाली संस्था जीवोदया के एक अधिकारी ने कहा, 'हमारा अनुरोध है कि इस संबंध में एक मानक संचालन प्रक्रिया बनाई जाए, ताकि कोई भी प्राधिकरण या सरकारी एजेंसी ऐसे बच्चों के आधार डाटा तक पहुंच सके, इससे बच्चों का विवरण ढूंढना आसान हो जाएगा और हम बच्चे को कहीं से भी बचा पाएंगे।संस्था के एक अन्य प्रतिनिधि ने कहा, 'एक ऐसी प्रणाली होनी चाहिए, जो बच्चों को चाइल्ड केयर संस्थान में भेजे जाने से पहले या एक नया आधार कार्ड तैयार होने से पहले, निश्चित दिनों के भीतर बच्चे के संपूर्ण विवरण की जांच करने का अधिकार रखती हो। नागरिक समाज के एक सहयोगी ने बताया कि परिवारों के साथ बच्चों को फिर से जोड़ने या नया आधार कार्ड बनाने के लिए कुछ दिनों के भीतर आधार-आधारित खोजों को अनिवार्य करने से ऐसे अविश्वसनीय चाइल्ड केयर संस्थानों पर भी लगाम लग सकती है, जो केवल अनुदान पाने के लिए तस्करों से बच्चों को छुड़ाने का आधा-अधूरा कार्य करते हैं।

# सैन्य अभ्यासों के जटिल समीकरण

## रणनीतिक संवाद की कला में महारत जरूरी

रूस में सप्ताह भर चला वोस्तोक 2022 संयुक्त युद्ध अभ्यास संपन्न हो गया। एक से सात सितंबर तक चली यह सैन्य कवायद इस कारण चर्चित रही कि इसमें भारत और चीन जैसे ऐसे देश जुड़े, जिनके बीच सीमा पर लंबे समय से तनातनी कायम है। रूसी जमीन पर चीन जैसे देश के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास पर भारत के पारंपरिक साझेदार देशों का तुनकना स्वाभाविक था। अमेरिका और जापान के हावभाव से ऐसा प्रतीत भी हुआ। ऐसे में सामरिक हलकों में इस कवायद को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं, तो कुछ इसकी उपयोगिता बताने में भी लगे हैं। निःसंदेह आधुनिक दौर में देशों के बीच संबंधों-सैन्य बलों में से एक होने के नाते इसका दारोमदार नई दिल्ली पर ही है कि वह इनका उपयोग कूटनीतिक पहुंच के उपकरण के रूप में करे। यही कारण है कि सैन्य अभ्यास के जोर पकड़ते चलन में भारत की भागीदारी पर कोई हैरानी नहीं होती। अब यह सामान्य परिपाटी बन गई है।वोस्तोक में भारत की भागीदारी पर दुनिया के कई कोनों में त्योरियां चढ़ीं। खासतौर से पश्चिमी देशों की नाराजगी दिखी, जो यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद मास्को को अलग-थलग करने के प्रयासों में जुटे हैं। यह वाशिंगटन के उस बयान से भी झलका, जिसमें उसने कहा, 'रूस के साथ अभ्यास कर रहे किसी भी देश को सीरिया और कई पूर्व-सोवियत राष्ट्रों ने भी इसमें शिरकत की। भारत की ओर से इसमें 7/8 गोरखा राइफल्स के दस्ते ने भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त युद्ध कौशल हासिल करना था, जिनमें फील्ड ट्रेनिंग, रणनीतिक चर्चा और सैन्य क्षमताओं को परखने जैसे बिंदुओं का समावेश था।ऐसे अभ्यासों का स्वरूप भले ही सैन्य हो, लेकिन उनकी प्रकृति राजनीतिक भी होती है और यही इस बार भारत के लिए समस्या उत्पन्न करने वाली रही। इसी कारण भारत को वोस्तोक के सामुद्रिक अभ्यास से कदम पीछे खींचने पड़े, क्योंकि उस पर जापान को आपत्ति थी। मास्को ने दक्षिण कुरील द्वीप के आसपास एच-6 बांबर्स और रूसी टीयू-95 बांबर्स जापान और दक्षिण कोरिया के इर्दगिर्द दांव आजमा रहे थे। रूस के लिए वोस्तोक कई मायनों में अहम रहा। इसके जरिये उसने संदेश दिया कि वह अलग-थलग नहीं पड़ा और बात जब सामरिक प्राथमिकताओं की आती है तो चीन एवं भारत जैसे खास देश उसके साथ खड़े हैं। चीन के लिए ये अभ्यास एक बड़ी सैन्य शक्ति के साथ संबंध मजबूत बनाने का माध्यम है और वह भी तब जब पश्चिम के साथ उसका शीत युद्ध परवान चढ़ रहा है। भारत के लिए यह कठिन पड़ाव है। चीन के साथ जटिल संबंधों को देखते हुए दोनों देशों के बीच संयुक्त अभ्यास का कोई तुक नहीं बनता। एकमात्र यही पहलू अंतर पैदा करता है कि यह अभ्यास रूस ने आयोजित किया। भारत ने यूक्रेन पर रूसी हमले की न तो सार्वजनिक निंदा की है और न ही वह रूस पर लगाए पश्चिमी प्रतिबंधों का हिस्सा है। भारत तो इस स्थिति का खूब लाभ उठा रहा है। वह रूस से भारी मात्रा में सस्ता तेल खरीद रहा है। यदि सैन्य अभ्यास किसी देश की रणनीतिक मंशा को स्पष्ट करते हैं तो नई दिल्ली को यह काम बेहतर ढंग से करना चाहिए। जब रूस और चीन भारत की भागीदारी को अपने हितों के अनुरूप रेखांकित कर रहे हैं, तब भारत को भी अपने पक्ष को मुखरता से रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की दरकार है। वोस्तोक पर चाहे जितना हंगामा हो रहा हो, लेकिन किसी भी अन्य देश की तुलना में भारत अमेरिका के साथ न केवल सबसे अधिक, बल्कि ऊंचे दर्जे के युद्ध अभ्यास करता है। पिछले महीने ही दोनों देशों के बीच 'वज्र प्रहार' अभ्यास का 13वां चरण संपन्न हुआ, तो अगले महीने उत्तराखंड में चीन सीमा के निकट भी नियमित संयुक्त युद्धाभ्यास होना है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जापान और आस्ट्रेलिया जैसे समान सोच वाले देशों के साथ भी भारत के सैन्य अभ्यास गति पकड़ रहे हैं। एक ऐसे समय जब भारतीय सैनिकों को चीन सीमा पर कुछ मुश्किलें झेलनी पड़ रही हों तब इसे रूस के साथ संबंधों की धुरी के लिहाज से एक छोटी कीमत चुकाना कहा जा सकता है। नई दिल्ली को संदेश देने के स्तर पर बेहतर मंशा दिखाने की दरकार है। याद रहे कि रणनीतिक संवाद एक कला है और अब समय आ गया है कि उसमें महारत हासिल की जाए।



समीकरणों का संकेत देने में सैन्य अभ्यासों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। वैश्विक आर्थिक एवं राजनीतिक हलचलों ने ऐसे अभ्यासों की महत्ता और बढ़ा दी है। कौन, किसके साथ, कहां सैन्य अभ्यास कर रहा है, यह रणनीतिक साझेदारी का महत्वपूर्ण सूचक बनता जा रहा है। इस मामले में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठान खासा सक्रिय है। उसका यह रुख न केवल अपनी विस्तारित क्षमताओं, बल्कि सार्वजनिक लाभ के लिए समान विचार वाले देशों के साथ काम करने की राजनीतिक दृढ़ता को भी दर्शाता है। सबसे सक्षम लेकर अमेरिका के कड़े आग्रह हैं, क्योंकि रूस ने यूक्रेन पर अकारण क्रूर युद्ध थोपा है।' हालांकि रूस के साथ यह भारत का पहला संयुक्त युद्धाभ्यास नहीं था। गत वर्ष सितंबर में भी वह रूस में ऐसा अभ्यास कर चुका है, जिसमें चीन और पाकिस्तान बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहे।जहां तक वोस्तोक की बात है तो यह एक बड़ा युद्ध अभ्यास रहा। इसमें 50,000 से अधिक सैनिकों ने भाग लिया। करीब 5,000 हथियार प्रणालियां प्रयुक्त हुईं, जिनमें 140 विमान और 60 युद्धपोत थे। भारत के अलावा चीन, लाओस, मंगोलिया, निकारागुआ, नौसैन्य अभ्यास का निणय किया था, जिस पर टोक्यो को कड़ा एतराज था। जापानी रक्षा मंत्री ने उसे अस्वीकार्य करार दिया था। असल में रूसी नौसेना और चीनी नौसेना का इसके पीछे यही मकसद था कि अपनी निकट साझेदारी दिखाकर जापान पर दबाव बनाया जाए। इन दोनों देशों के बीच सैन्य अभ्यास अब बहुत आम हो गए हैं। पिछले साल ही दोनों देशों ने 10,000 से अधिक सैनिकों के साथ उत्तर-मध्य चीन में अभ्यास किया। वहीं इस साल मई में जब टोक्यो में क्वाड देशों के नेता वार्ता कर रहे थे तो उसी दौरान चीनी

# सड़क हादसों पर लगे लगाम कई पहलुओं को ध्यान में रखकर करना होगा काम

गत रविवार को हुए एक सड़क हादसे ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस हादसे में टाटा समूह के पूर्व मुखिया और जाने-माने उद्यमी सायरस मिस्त्री और उनके एक संबंधी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही देश में सड़क सुरक्षा को लेकर वह बहस नए सिरे से शुरू हो गई, जो उन आंकड़ों के सामने आने को बाराबंकी में हुए एक भीषण हादसे की चर्चा उपयोगी होगी। इसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी और 23 घायल हुए थे। ये सभी एक बस में हरियाणा और पंजाब से बिहार जा रहे थे। संबंधित ट्रांसपोर्टर की एक अन्य बस खराब हो जाने की वजह से उसकी सवारियां भी इसमें भर दी गईं। इस तरह 75 की क्षमता वाली बस में 135 यात्री भर दिए गए।




से शुरू हुई थी, जिनमें बताया गया था कि 2021 में सड़क हादसों में डेढ़ लाख से अधिक लोग मरे। एक अनुमान के तहत भारत में दुनिया के मात्र एक प्रतिशत वाहन ही हैं, लेकिन विश्व भर के सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में 11 प्रतिशत लोग भारत के होते हैं। आए दिन देश के किसी न किसी कोने में भयानक सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें तमाम लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। तमाम घायल हो जाते हैं और उनमें से कई जीवन भर टीस देने वाली चोट के साथ जीवन बिताते हैं। कई सड़क घटनाओं में तो पूरे के पूरे परिवार ही उजड़ जाते हैं। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही के कारण होती हैं। यह लापरवाही दुर्घटना के शिकार वाहन चालक या आसपास से गुजर रहे वाहनों के चालकों में से किसी की भी हो सकती है। हादसे सड़कों की खराब डिजाइन और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण भी होते हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि कई विभागों में तालमेल की कमी से हादसे के बाद जरूरी राहत और उपचार में देरी होती है। इस मामले में गत 28 जुलाई आगरा में उसका टायर फट गया। गनीमत रही कि बस नहीं पलटी। फिर बाराबंकी में एक नदी के पुल पर उसका एक्सेल टूट गया। गर्मी के कारण यात्री बस के बाहर आ गए और रात में ही सड़क किनारे आराम करने लगे। बस स्टाफ एक्सेल ठीक करने की कोशिश में लग गया, लेकिन कोई ऐसा 'संकेत' नहीं लगाया, ताकि अन्य वाहनों के चालक आगाह हो सकते। इसी समय पीछे से आ रहे ट्रक ने वहां कहर बरपा दिया। यहां राजमार्ग प्राधिकरण की भी जिम्मेदारी बनती थी। एक्सेल बनवाने में मदद मुहैया कराई जाती या फिर जब तक बस वहां खड़ी थी, तब तक गुजरते वाहनों की गति नियंत्रित की जाती। यह तभी संभव था जब हाइवे पेट्रोलिंग सतर्क होती। ठसाठस भरी बस ने करीब 10-15 टोल प्लाजा क्रास किए। किसी ने कोई पूछताछ नहीं की। मालूम पड़ा कि बस का 32 बार चालान हो चुका था, फिर परमिट क्यों नहीं निरस्त हुआ चालक पहले भी कई बार गलतियां कर चुका था, इसके बावजूद मालिक उससे गाड़ी चलवा रहा था।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवसः मरने वाले से पूछिए जिंदगी की कीमत, फिर क्यों बढ़ रहे हैं आत्महत्या के मामले

सुबह आंख खुलने के साथ ही मन में आने वाले पहले विचार से लेकर रात में नींद आने के आखिरी सेकेंड्स तक हम अपने जीवन को कैसे बेहतर रख सकते हैं, इसी बारे में मंथन करते रहते हैं। मतलब-हमारे लिए जीवन सबसे कीमती है। फिर आखिर कौन सी मनोस्थिति आत्महत्या के विचारों का कारण बनती है? कितनी भयानक होती होगी यह।साल 1970 में एक फिल्म आई थी, इसमें मुख्य अभिनेता राजेश खन्ना गंभीर बीमारी से जूझ रहे होते हैं, डॉक्टर उन्हें अस्पताल में एडमिट होने की सलाह देते हैं, तो



अविनाश (राजेश खन्ना) कहते हैं- 'डॉक्टर साब, मैं मरने से पहले मरना नहीं चाहता।'यह लाइन मुझे बहुत आकर्षित करती है, विशेषरूप से तब, जब समाचारों में आत्महत्या के मामलों के बारे में पढ़ता या लिखता हूं। इस पंक्ति का भाव यह है कि भले ही मौत अटल सत्य पर है, इस दुनिया में कौन है जो मरना चाहता है? अस्पताल में कैंसर का इलाज करा रहे मरीज से पूछिए जिंदगी की क्या कीमत है? आखिरी सांस गिन रहा व्यक्ति भी चाहता है, काश दो पल और मिल जाएं। फिर बड़ा सवाल यह कि आखिर वह क्या परिस्थितियां हैं जिसमें किसी व्यक्ति के लिए आत्महत्या करना ही आखिरी विकल्प बचता है? जीवन से अपार प्रेम रखने वाले इंसान की आत्महत्या के विचार आने में कितनी गंभीर मनोस्थिति होती होगी आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस है, दुनियाभर में बढ़ती आत्महत्या को रोकने को लेकर लोगों को जागरूक करने के लक्ष्य से हर साल 10 सितंबर को यह खास दिन मनाया जाता है। हाल ही में नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने डेटा जारी करके बताया कि साल 2021 में देश में 1.64 लाख से अधिक लोगों ने आत्महत्या की। औसतन लगभग 450 आत्महत्या रोजाना या हर घंटे करीब 18 केस। कोरोना महामारी से पहले के वर्षों की तुलना में साल 2020-21 में ये आंकड़े बढ़े हैं। यह निश्चित ही बेहद गंभीर है, आत्महत्या के बढ़ते मामलों के साथ, इसके कारणों पर गंभीरता से चर्चा किए जाने की आवश्यकता है।इंसानी स्वभाव कुछ विषयों को लेकर बहुत संवेदनशील होता है। हम हमेशा खुश दिखें, लोग हमारे बारे में अच्छा ही सोचें, हम कभी कमजोर न पड़ें, ऐसे तमाम प्रयास सतत रूप से करता रहता है, पर क्या वास्तव में सबकुछ जैसा आप सोचते हैं वैसा ही होता रहे, ऐसा संभव है आप खुद से ही इसका जवाब मांगिएगा, हर बार आपको 'नहीं' सुनने को मिलेगा। पर यह 'नहीं' जब ज्यादा प्रभावी होने लगता है तो इसका असर हमारे मन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आप तमाम किताबों को खंगालिए, उसके सार के प्रमुख बिंदुओं में एक संदेश बहुत प्रभावी है, जिसपर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। मैंने जितनी किताबें पढ़ीं, जितने विशेषज्ञों से बात किया और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बेहतर रखा जाए, इस बारे में मेरी जो समझ



है इन सबका लब्बो-लुआब यह है कि- शरीर और मन के साथ जो भी प्राकृतिक रूप से हो रहा है, उसे उसी रूप में होने देना चाहिए, इसमें अनावश्यक छेड़छाड़ करना या इन्हें दबाने की कोशिश हमेशा नुकसानदायक ही होती है। मसलन यदि आपको रोना आ रहा है, खुशी महसूस हो रही है, गुस्सा आ रहा है या किसी बात को कहने का दिल है तो यथोचित रूप से इन भावनाओं को प्रेषित कर देना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो संभव है यह तनाव-चिंता जैसे विकारों को जन्म दे सकती है। समय के साथ इन विकारों के गंभीर रूप लेने का खतरा होता है, बढ़ते आत्महत्या के प्रमुख कारणों में से इसे एक माना जा सकता है। कई सेलिब्रिटिज ने भी स्वीकारी आत्महत्या के ख्याल आने की बात हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक समय ऐसा था जब वह गंभीर अवसाद की शिकार थीं, इतनी गंभीर कि उन्होंने आत्महत्या तक के प्रयास किए। दीपिका ने इंटरव्यू में बताया, करियर के बेहतर दिनों में भी वह अवसाद का शिकार थीं, चूंकि सब कुछ ठीक चल रहा था, इसलिए कोई स्पष्ट कारण नहीं था जिसके चलते उन्हें इसकी गंभीरता का एहसास हो सके। वह कहती हैं-कई बार मैं जागना नहीं चाहती थी क्योंकि मेरे लिए नींद ही इन समस्याओं से बचने का एक जरिया था। इस दौरान कई बार विचार आते थे कि ये जीवन व्यर्थ है, इसे खत्म कर देना चाहिए। मेरे माता-पिता बेंगलुरु में रहते हैं और हर बार जब उनसे बात होती तो मैं ऐसे दिखाती थी कि सब कुछ एक दम बढ़िया चल रहा है। अमूमन हर कोई ऐसा ही करता है, सभी अपने माता-पिता को यही दिखाना चाहते हैं कि सब कुछ बेहतर है, भले ही आप अंदर से कितने भी परेशान क्यों न हों। मैं भी वैसा ही कर रही थी लेकिन एक दिन जब वो मुझसे मिलकर बेंगलुरु वापस



जा रहे थे तब मैं टूट गई और रो पड़ी। इसके बाद मां ने इसके कारणों को जानने के खूब प्रयास किए। दीपिका कहती है, 'मैं उन्हें क्या जवाब देती, क्योंकि असल में मुझे भी कुछ खास पता नहीं था कि मेरे साथ क्या हो रहा है, हां बस सब कुछ खाली सा लगता रहता था। मां ने मेरी परेशानियों को समझा, मुझे विशेषज्ञ के पास ले गईं, दवाइयां चलीं। आखिर में वह कहती हैं- मेंटल इलनेस को हमारे समाज में अलग नजर से देखा जाता है यह मेरे लिए भी डर का कारण था कि लोग क्या सोचेंगे सिर्फ दीपिका ही नहीं, अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, बिग-बॉस सीजन 14 की विजेता रुबीना दिलैक, फिल्म जर्सी की अभिनेत्री मृणाल ठाकुर, इलियाना डिक्रूज, उर्फी जावेद ने भी इंटरव्यूज में इस बात को स्वीकारा है कि जीवन के एक क्षण में उन्हें भी आत्महत्या के विचार परेशान कर रहे थे, या उन्होंने आत्महत्या के प्रयास किए। इस कंफेशन से दो प्रमुख बातें सामने आती हैं। पहला- दुनिया के सामने भले ही आप हंसते-मुस्कुराते दिख रहे हों, पर हो सकता है इसके पीछे आप दर्द का अंबार लेकर चल रहे हों, जिसे समय पर पहचानने और इससे बचाव के तरीके ढूंढना बहुत आवश्यक है। दूसरा- इंसान होने के नाते हमें अपने आसपास के लोगों की मनोस्थिति का ध्यान रखना चाहिए, उसका सम्मान करना चाहिए। अगर आपको लगता है कि कोई मानसिक तौर पर परेशान है तो उसकी यथासंभव सहायता की जानी चाहिए। ऐसा करके हम शायद एक संभावित आत्महत्या को रोक सकें।सुबह आंख खुलने के साथ ही मन में आने वाले पहले विचार से लेकर रात में नींद आने के आखिरी सेकेंड्स तक हम अपने जीवन को कैसे बेहतर रख सकते हैं, इसी बारे में मंथन करते रहते हैं। मतलब-हमारे लिए जीवन सबसे कीमती है।मैं पिछले दिनों आध्यात्म की एक किताब पढ़ रहा था, उसके एक अंश में यमराज और जीवन के आखिरी क्षणों वाले व्यक्ति के संवाद के अंश ने मुझे बहुत प्रभावित किया। इससे भी पता चलता है कि जीवन की हमारे लिए क्या महत्ता है। व्यक्ति काफी समृद्ध था, यमराज से कहता है- आप 1 करोड़ रुपये ले लीजिए और एक साल और जीने की मोहलत दे दीजिए। यमराज मना कर देते हैं। फिर अगला प्रस्ताव 5 करोड़-10 करोड़ और लगातार बढ़ता जाता है। अंत में हारकर व्यक्ति कहता है- मुझे बस एक क्षण दे दीजिए मैं अपने बेटे को एक संदेश देना चाहता हूं। यमराज ने कुछ विचार करके इस प्रस्ताव को स्वीकार पर दो मिनट का वक्त दिया। व्यक्ति अपने बेटे से आखिरी संदेश में कहता है- मेरे पास अथाह संपत्ति है, पर आज मुझे समझ आ रहा है कि उसकी पूरी कीमत से मैं एक अतिरिक्त सांस भी नहीं खरीद सकता। जीवन सबसे अनमोल है बेटा, इसे सार्थक बनाने का प्रयास करना।इस संवाद के यहां जिक्र का उद्देश्य जीवन के मोल पर प्रकाश डालना था। जब जीवन इतना कीमती है, तो सोचिए क्या आत्महत्या करके स्वयं से जीवन को खत्म करने का प्रयास इतना आसान होता होगा? वह मनोस्थिति कितनी भयावह होगी, अंदर तक तोड़ देने वाली पर आत्महत्या को रोका जा सकता है। अगर हम अपने आसपास के लोगों की मनोस्थिति को सहजता और गंभीरता के साथ समझने का प्रयास करना शुरू कर दें। अगर समय पर जिस तरह से दीपिका को उनकी मां का साथ मिला, ऐसा हर किसी को किसी का साथ मिल जाए तो निश्चित ही एक बेशकीमती जान को बचाया जा सकता है। और यकीन मानिए अगर आप किसी आत्महत्या को रोकने में सफल हो जाते हैं तो यह आपको ऐसी खुशी का एहसास कराएगी जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। **आत्महत्या के आंकड़े डराने वाले** आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि दुनियाभर में हर साल लगभग 8 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। साल 2019 में 139,123 भारतीयों ने आत्महत्या की, इस साल राष्ट्रीय आत्महत्या दर 10.4 (प्रति लाख जनसंख्या पर गणना) थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में आत्महत्या एक उभरती हुई और गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है।

# आत्महत्या रोकथाम दिवस 'आंसू छिपाना' मर्दानगी नही

इस दौर की कुछ चीजें मुझे आंतरिक रूप से बहुत परेशान करती हैं, जैसे पैसे देकर पानी खरीदना, ऑक्सीजन के कारण मौत के मामले सुनना या खबरों में इसका जिक्र करना, तलाक के मामलों का बढ़ना और आत्महत्या रोकथाम की जागरूकता के लिए एक ही में नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया कि साल 2021 में देश में अब तक सबसे अधिक आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए। इस साल 1.64 लाख लोगों ने आत्महत्या की थी, यह डेटा पिछले साल 2020 की तुलना में 7.2



खास दिन बनाने की जरूरत। ये सब सहज इंसानी/पर्यावरणीय प्रकृति के खिलाफ की चीजें हैं, इसका मतलब यह है कि विधाता ने जीवन के उपहार के साथ हमें जो सुविधाएं या अधिकार दिए उनमें हमने जरूर कोई गंभीर उथल-पुथल मचाई है। 10 नवंबर को हर साल वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे आत्महत्या के मामलों की रोकथाम के लिए विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। हाल फीसदी अधिक था। इस डेटा में एक बिंदु ने मेरा ध्यान खासा आकर्षित किया- आंकड़े बताते है, कि साल दर साल पुरुषों में आत्महत्या की टेंडेंसी बढ़ती जा रही है। साल 2019 में 97613 पुरुषों जबकि 41493 महिलाओं ने आत्महत्या की। पुरुषों में बढ़ते आत्महत्या के मामले सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है, वैश्विक स्तर पर आंकड़े देखें तो वहां से भी यह समझ आता है कि पुरुष अधिक आत्महत्या कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इस्कान मंदिर सेक्टर 33 मे राधा रानी जन्मोत्सव

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नोएडा।** भगवान श्रीकृष्ण की नित्य संगिनी श्रीमती राधारानी का जन्मोत्सव आज रविवार, दिनाँक 04 सितम्बर को मनाया गया। प्रातः 4:30 बजे से ही मन्दिर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मुख्य उत्सव दोपहर 11 बजे प्रारम्भ हुआ। जिसमें भजन, कीर्तन, भगवान का अभिषेक तथा सभी के लिए प्रसादम की व्यवस्था रही। इसके लिए युगल जोड़ी की नई पोशाक तैयार की गई थी। श्री राधा गोविन्द देव का पञ्च



गव्य (दूध, दही, घी शहद, फलों के रस एवं पुष्प) से सुन्दर अभिषेक किया गया। पूरे मन्दिर को फूलों से सजाया गया था। भगवान् को देशी एवं विदेशी व्यंजनों सहित 108 भोग अर्पित किए गए। दोपहर 1 बजे सभी को प्रसादम वितरित किया गया। इस उत्सव में लगभग 5000 लोग सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर उत्सव अत्यन्त उत्साहपूर्ण तथा उल्लासपूर्ण रहा।

### अमित शाह बोले जेलों के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि समाज में जेलों को जिस नजरिये से देखा जाता है, उसे बदलने की जरूरत है। जेल में बंद हर व्यक्ति स्वभाव से अपराधी नहीं होता, कभी-कभी ऐसी परिस्थितियां होती हैं जो उसे इसके लिए मजबूर कर देती हैं। शाह ने चेताते हुए कहा कि कांग्रेस अभियानों में किए गए वादों में फंसने की जरूरत नहीं है। राज्य में कांग्रेस और भाजपा के शासन के विरोधाभास को इंगित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में 37 प्रतिशत बच्चों ने स्कूली शिक्षा छोड़ दी थी। अहमदाबाद में आए दिन कर्फ्यू रहता था और साल में 200 दिन सांप्रदायिक दंगे आम बात थी। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले शासन में स्कूलों में ड्रापआउट दर शून्य थी। इसी तरह वर्ष 2002 के बाद पैदा हुए बच्चों को गुजरात में पता ही नहीं है कि कर्फ्यू क्या होता है। गृहमंत्री ने रविवार को तीन दिवसीय छठी अखिल भारतीय जेल ड्यूटी मीट के उद्घाटन समारोह में पुरानी बात याद करते हुए कहा कि इससे 'पहले गुजरात की जेल में मीट का आयोजन किया गया तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और मैं गुजरात का गृह मंत्री।

# कांग्रेस नेता छोटू शर्मा ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

## कहा, प्रधानमंत्री की उम्र से बड़ा हो गया रुपया

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**मैहर।** कांग्रेस नेता युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेंद्र शर्मा छोटू ने मैहर एक कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता के दौरान कहा , स्विस बैंक में रखा काला धन साल 2014 की तुलना में आज दुगना हो गया। 2त्त स्पेक्ट्रम



और 4त्त स्पेक्ट्रम जैसे आरोप केंद्र सरकार 8 साल में आज तक सिद्ध नहीं कर पाई । महंगाई इसी तरह बढ़ती रही तो देश में श्रीलंका जैसे हालात होंगे । देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ गुरुवार को मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेश शर्मा छोटू ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला । मैहर विधानसभा में एक कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच मीडिया से बातचीत करते हुए छोटू शर्मा ने कहा , डॉलर के मुकाबले रुपया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्र से भी बड़ा हो गया और 80 के आसपास पहुंच गया है । छोटू शर्मा ने कहा , सत्ता में आने से पहले भाजपा ने विदेशों से काला धन लाने और हर साल 2 करोड रोजगार देने के बड़े-बड़े वादे किए थे । लेकिन एक भी वादा आज तक पूरा नहीं हुआ । स्विस बैंक में साल 2014 की तुलना में आज काला धन दोगुना हो गया है । काला धन लाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया । प्रदेश सचिव ने कहा , आज देश में 45 साल में सबसे बड़ी बेरोजगारी है । 42 फ़ीसदी लोगों के पास कोई रोजगार नहीं है । देश में आर्थिक हालात बिगड़ते जा रहे है । जब आर्थिक हालात बिगड़ते हैं तो सरकार की इनकम ऑफ सोर्स कम हो जाती है । ऐसे में सरकार ने अपना खजाना भरने के लिए खाद्य पदार्थों पर ही जीएसटी लगा दिया । आटा - गेहूं , चावल जैसे खाद्य पदार्थों पर ही जीएसटी लगाकर अपना खजाना भरने का काम किया है । सरकार को सोचना चाहिए कि वह कोई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं है , बल्कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार है , जिसे जनता के हित के लिए काम करना । उद्योगपतियों को राहत आमजन पर आफत - छोटू छोटू ने कहा , केंद्र सरकार ने उद्योगपतियों का 12 लाख करोड़ रुपए का ऋण माफ कर दिया । जबकि किसानों का ऋण माफ नहीं किया । आंदोलन करने वाले किसानों को झूठ बोल कर उनका आंदोलन खत्म करवाया गया और आज तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कोई बात नहीं की गई । जब किसानों का ऋण माफ करने की बात कही जाती है तो प्रधानमंत्री उसे रेवड़ी कल्चर कहना शुरू कर देते हैं । उन्होंने कहा कि देश में अगर महंगाई और बेरोजगारी के यही हालात रहे तो देश का हाल भी श्रीलंका जैसा होने वाला है । अंत में उन्होंने कहा की महंगाई बेरोजगारी आज सबसे बड़ा मुद्दा अगर आज भी सरकार इस पर ध्यान नहीं देगी तो कौन देगा चेतावनी देते हुए मीडिया के माध्यम से सरकार को चेताया कि जल्द से जल्द महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित नहीं किया तो युवक कांग्रेस सड़कों पर उतर कर पुरजोर विरोध करेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में वीकेंड पर हुई जमकर खरीददारी

## फूड कोर्ट में सिक्किम और आसाम के व्यंजनों की रही धूम

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में वीकेंड पर शनिवार को महिलाओं एवं युवतियों की खासी भीड़ देखने



को मिली। इस अवसर पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं फूड कोर्ट में आसाम तथा सिक्किम के व्यंजनों का भी लोगों ने स्वाद चखा। ज्ञात हो कि यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालय, मिनिस्ट्री ऑफ टैक्स्टाइल के डेवलेपमेंट कमिशन्र हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सैंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन के नौवें दिन शनिवार को लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की तथा मेले का लुत्फ उठाया। यहां घर की सजावट के आकर्षक सामान लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं। आसाम के गनने तथा चमड़े के बने उत्पादों ने महिलाओं एवं युवतियों को खासा लुभा रखा है। इनमें पर्स बैग तथा कैप शामिल हैं। वहीं आसाम की कॉटन तथा सिल्क से निर्मित साड़ी दुपट्टे तथा गमछे भी आकर्षण का केंद्र बने हैं। साथ ही घर की सजावट के उत्पाद भी लोगों को पसंद आ रहे हैं। लोगों को यहां अरुणाचल के हैंडिक्राफ्ट, ऑरामेंटस, लकडी तथा बेंम्बू, हैंडलूम, कारपेट, आसाम की चाय,अचार, हाथ से बनाए गए खिालोने, सिल्क का सामान परपंरागत गहने खासे पसंद आ रहे हैं। साथ ही सिक्किम के उनी कारपेट, पेंटिंग, आभूषण तथा ऑर्गैनिक खाने का सामान नार्थ ईस्ट के स्थानिय (वाजिब) दामों में यहां उपलब्ध हैं। इसके साथ ही यहां फैस्टिवल के दौरान फूड कोर्ट में नार्थ ईस्ट के परंपरागत खानपान के स्टाल भी उपलब्ध हैं। जिसमें आसाम टी, मसाला टी, आसामी बर्गर, आसामी मोमोज तथा आसाम के अन्य प्रसिद्ध व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है। यहां सिक्किम के व्यंजनों में पूनी भाजी, पूड़ी भाजी तथा अन्य स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त यहां स्वादिष्ट चाट, गोलगप्पे, पाव भाजी तथा मशहूर छोले भटूरे उपलब्ध हैं।

# थाना मैहर पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही, 63 लीटर अवैध मदिरा के साथ कुख्यात शराब तस्कर आशीष चौरसिया गिरफ्तार

## परिवहन मे प्रयुक्त स्कूटी एक्टिवा क्रमांक एमपी19 एम 4555 भी जब्त धारा 34( 2 ) आवकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**मैहर।** आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध शराब के स्त्रोत के संबंध मे जानकारी एकत्रित की जा रही है श्री आशुतोष गुप्ता (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक महोदय, सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री एस के जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना, श्री लोकेश डाबर एसडीओपी मैहर के मार्गदर्शन मे थाना मैहर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही दिनांक 03.09.2022 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र का कुख्यात शराब तस्कर आशीष चौरसिया अपनी स्कूटी एक्टिवा क्रमांक श्झ् 19 ऐं 4555 मे दो सफेद बोरियों मे भारी मात्रा मे शराब लेकर रीवा रोड तरफ से हरनामपुर बरेज की ओर जा रहा है । मुखबिर सूचना पर मैहर पुलिस द्वारा हमराही स्टाफ के साथ हरनामपुर मुक्तिधाम के पास पुलिस पार्टी द्वारा छिपकर इंतजार करने के दौरान संदेही आशीष चौरसिया अपनी स्कूटी मे बरेज तरफ आते दिखा जिसे घेराबंदी करके रोका गया, जिसकी स्कूटी मे रखी हुई सफेद बोरियों की तलाशी लेने पर 03 कार्टून अवैध अंग्रेजी गोवा शराब व 04 कार्टून प्रिंस लेमन देशी



शराब कुल 07 कार्टून मे 63 लीटर अवैध शराब मिली जो मौके से अवैध शराब एवं परिवहन मे प्रयुक्त स्कूटी होण्डा एक्टिवा श्झ् 19 ऐं 4555 जब्त कर आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीवद्ध किया गया । अवैध शराब के परिवहन मे प्रयुक्त वाहन स्कूटी के राजसात की कार्यवाही भी की जा रही है तथा आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध शराब के संबंध मे भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है । **जब्त मशरुका का विवरणः-** 03 कार्टून अंग्रेजी गोवा शराब व 04 कार्टून प्रिंस लेमन देशी शराब कुल 63 लीटर कीमती 30 हजार रु. स्कूटी होण्डा एक्टिवा क्रमांक श्झ् 19 ऐं 4555 कीमती 70 हजार रु. **गिरफ्तार आरोपी का नाम विवरणः-** आशीष चौरसिया पिता स्व. दुलीचंद चौरसिया 32 वर्ष निवासी चौरसिया मोहल्ला पुरानी वस्ती थाना मैहर आरोपी का पूर्व आपराधिक इतिहासः- आरोपी आशीष चौरसिया थाना क्षेत्र का कुख्यात शराब तस्कर है जिसके विरुद्ध थाना मैहर पुलिस द्वारा पूर्व मे 03 बार धारा 34(2) आवकारी एक्ट एवं 12 बार धारा 34(1) आवकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा चुकी है । कुछ दिनों से आरोपी द्वारा चोरी छिपे पुलिस से बचते हुये शराब तस्करी की जा रही थी जिसकी आज दिनांक को मुखबिर सूचना मिलने पर मैहर पुलिस द्वारा 07 पेटी अवैध शराब के साथ दबोच लिया गया । सराहनीय भूमिकाः- कुख्यात शराब तस्कर की धरपकड एवं अवैध शराब की खेप पकडने मे निरीक्षक संतोष तिवारी थाना प्रभारी मैहर के नेतृत्व मे उनि अजय अहिरवार, प्रआर 624 पंकज मिश्रा, 522 जीतेन्द्र दिवेदी, 610 रविशंकर दुवे, 815 अनिल सिंह, आर. 159 रावेन्द्र मिश्रा, 271 संजय तिवारी की सराहनीय भूमिका रही है ।

# जिंदगी है यह माटी की,माटी का नाम लाएगी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ईस्ट एंड क्लब सूरजमल विहार दिल्ली में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के वीर रस के सुप्रसिद्ध कवि डॉ0रणजीत सिंह ने गुदगुदाया तो भदोही के कवि संदीप कुमार बालाजी ने नारी पर रचना सुना कर वाहवाही लूटी। वीर रस के सुप्रसिद्ध कवि डॉ0 रणजीत सिंह ने अपने काव्य पाठ के दौरान जवानों,राष्ट्र भक्तों,बलिदानियों का किया। इसके अलावा आयोजक कुमार विवेक की कविताओं को लोगों ने मन से सुना तो देश की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ0अंजना कुमार के गीतों और गजलों ने लोगों का मन मोह लिया। लगभग 15 कवि/कवयित्रियों




अपनी कविताओं से न केवल राष्ट्रीय चेतना को प्रवाहित करते हुए श्रोताओं को रोमांचित किया बल्कि आयोजन समिति द्वारा उनका सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली के शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजवीर यादव ने किया।मनीषा शुक्ला की सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ हुआ।इसके बाद अलीगढ़ के हास्य कवि वेद प्रकाश मणि ने अपनी हास्य की रचनाओं से श्रोताओं को खूब हँसाया व गुणगान किया।श्रोताओं ने भारत माता की जय कार व काव्यपाठ के दौरान माल्यार्पण कर उनकी कविता का समर्थन किया।उन्होंने इन पंक्तियों से काव्य पाठ का शुभारंभ किया- हुई है गर सुबह कुछ ही पलों में शाम आएगी।जिंदगी है यह माटी की माटी का नाम लाएगी।।'वतन के दीवाने हैं,हम वतन के गीत गाते हैं,वतन की एकता के हम सदा किस्से सुनाते हैं, पंक्तियों से उन्होंने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का स्वर मुखरित करना शुरू ने इस कवि सम्मेलन में अपनी कविताओं का वाचन किया।डॉ0रणजीत सिंह को गौरव विवेक,प्रो0मोती लाल चतुर्वेदी, डॉ0 अंजना कुमार आदि ने सम्मानित किया।कार्यक्रम का सुघर संचालन योगेंद्र सुंद्रियाल ने किया। बस्ती के राम कृष्ण लाल जगमग,अकमल बलरामपुरी, हरियाणा के सुनील शर्मा आदि ने सरस काव्य पाठ किया। अध्यक्षता ज्ञानेंद्र दीपक द्विवेदी ने किया।

### पद्मविभूषण से सम्मानित आई ए एस के पूर्व महानिदेशक बीबी लाल का निधन,

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पूर्व महानिदेशक और पुरातत्वविदों में शीर्ष नाम प्रोफेसर बीबी लाल (ब्रज बासी लाल) का शुक्रवार की रात को निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। निधन पर इतिहासकारों ने भी जताया शोव बीबी लाल 101 साल के थे। उन्होंने पुरातत्वविदों की 4 पीढ.ियों



का मार्गदर्शन किया है। उनके निधन की जानकारी मिलने पर पुरातत्वविदों के साथ-साथ इतिहासकारों ने भी शोक जताया है।गौरतलब है कि एएसआइ के पूर्व महानिदेशक और पद्म विभूषण से सम्मानित बीबी लाल को सबसे ज्यादा चर्चा अयोध्या की बाबरी मस्जिद के विवादित ढांचे की नींव में मंदिर मौजूद होने की खोज के लिए मिली थी। इसके लिए वह हमेशा-हमेशा इतिहास के पननें में दर्ज हो गए हैं। झांसी के रहने वाले थी बीबी लाल मिली जानकारी के मुताबिक, वर्ष 1921 में उत्तर प्रदेश के झांसी में जन्मे ब्रज बासी लाल यानी बीबी लाल को देश के नामी इतिहासकार थे। वर्ष 2000 में बीबी लाल को पद्म भूषण से सम्मान किया गया था।।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रबंधक की अनदेखी से गेट के सामने कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

## समाजसेवी उमाकांत उपाध्याय ने की अपील

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**मैहर।** में दशकों से अव्यवस्था का पर्याय बना अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट जिसे



लेकर लोगों ने लगातार आवाज उठाई लेकिन लोगों की आवाज को कूट चरित नीति से दबा दिया गया जिसमें जयचंदों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रबंधक की एक अनदेखी सैकड़ों लोगों की जान ले सकती है लेकिन उस अनदेखी को न प्लांट प्रबंधक सुधार रहे और प्रशासनिक रवैया देख लगता है प्रशासन ने उद्योग की जी हजूरी का ठेका ले लिया है, लगातार लोग प्रशासन के ऊपर उद्योग का पक्ष लेने का आरोप लगाते आये है,यथास्थिति देख ऐसा लगता है इस प्रजातांत्रिक देश में प्रजा की आवाज को अनसुना कर सही निणय न देने की कसम प्रशासन में बैठे अधिकारियों ने खाई फिर उनकी नियुक्ति मैहर में हुई है,मैहर के वरिष्ठ समाजसेवी सोनवारी निवासी उमाकांत उपाध्याय ने अपनी बात उद्योग प्रबंधन और प्रशासन के समझ अपील के जरिए रखी है उनका कहना है कि प्रतिदिन अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में कार्य करने वाले कर्मचारी छुट्टी के बाद अपने घर जाते हैं लेकिन छुट्टी होते ही सैकड़ों की तादात पर सरलानगर नीचे गेट जहां प्लांट का मुख्य गेट है यहां से कर्मचारियों निकलते ही स्टेट हाइवे 11 में अचानक आते है भदनपुर की तरफ से आते वाहनों में कभी भी ये हादसे का शिकार हो सकते है सबको पता अत्यधिक ढलान होने के कारण वाहनों की रफ्तार बढ़ जाती है आए दिन अनियंत्रित होकर वाहन हादसे का शिकार हो जाते है लेकिन उसके बाद भी अपने कर्मचारियों को लेकर उद्योग प्रबंधन सजग नही हो रहा है! लोगो की सुरक्षा पर प्रशासन और उद्योग प्रबंधन मिलकर ध्यान दे इसके लिए समाजसेवी उमाकांत उपाध्याय ने अपनी बात प्रशासन और उद्योग प्रबंधन के समझ रखी है अब सवाल यह है की उद्योग अल्ट्राटेक प्रबंधन बातो को गंभीरता से लेता है या हवा हवाई कर अनदेखा करेगा!

# उप राष्ट्रपति ने धर्मगुरुओं से किया आग्रह देहदान को लेकर दूर करें लोगों का भ्रम

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को धर्मगुरुओं से आग्रह किया कि वे अंग व देहदान को लेकर लोगों के भ्रम को दूर करने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि इसमें मीडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वह महर्षि दधीचि की जयंती पर दधीचि देहदान समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि अंगदान का निर्णय लोगों के लिए बेहद संवेदनशील मुद्दा है, क्योंकि यह धार्मिक मान्यता से भी जुड़ता है। ऐसे में धर्मगुरुओं का आगे आना जरूरी है। उन्होंने इसके लिए लोगों की सहायता करने वाला तंत्र बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। महर्षि दधीचि जयंती की बधाई देते हुए उप राष्ट्रपति ने सभी से उनके जीवन दर्शन को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश की साध्वी भगवती सरस्वती द्वारा सकारात्मकता से संकल्प विजय का नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इसकी पहली प्रति उप राष्ट्रपति को भेंट की गई। इस दौरान पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी, आलोक कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता और दधीचि देह दान समिति के संरक्षक, अंगदाताओं के परिवारिक सदस्य, 22 राज्यों के गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, डॉक्टर और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुए।




# इनरव्हील कल्ब वीरांगना झांसी द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**झाँसी।** इनरव्हील क्लब वीरांगना झाँसी द्वारा एक होटल में शिक्षक दिवस पर शिक्षिकाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें अग्रवाल, उमा गुप्ता, सुषमा सिंघल, शुभ्रा कनकने, सीमा गुप्ता, सुषमा अग्रवाल, अंजू शर्मा, निर्मल अग्रवाल, श्रद्धा सोनी, आशु शर्मा, सुनीता राय, रजनी गुप्ता, श्वेता




श्वेता पांडे, नीति शास्त्री, रजिया खान, नीलम मिश्रा, श्वेता पांडे शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। शिक्षिकाओं को सदर विधायक की पत्नी सुनीता शर्मा और क्लब अध्यक्ष ममता यादव, रेखा अग्रवाल द्वारा सम्मान पत्र व पौधे देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रश्मि वर्मा, सारिका, आभा, बबीता, रंजना मोदी सुनीता सिजरिया, निहारिका त्रिपाठी आदि सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव डॉ. इंदु सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पट्टा करवाने की मांग को लेकर सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** स्थानीय डाला नगर पंचायत के धौठा टोला में 25 वर्षों से आबाद लोगों का पट्टा करवाने की मांग को लेकर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन डाला नगर पंचायत के धौठा टोला में लगभग 25 वर्षों से अपना घर बनाकर निवास करने वाले भूमिहीन परिवारों को भूखंड पर पट्टा दिलाने की मांग को लेकर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनीष तिवारी ने सदर विधायक भूपेश चौबे को ज्ञापन सौंपा । विधायक ने अवलोकन करने के बाद सोमवार को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नियमानुसार भूखंड पट्टा देने के लिए कहा है । विधायक को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि ढौठा टोला में सभी वर्ग के करीब ढाई सौ परिवार अपने स्थाई मकान में 25 वर्षों से निवास कर रहे हैं जिसमें सफाई कर्मी भी शामिल हैं । सभी दैनिक मजदूरी करके जीविकोपार्जन कर रहे हैं । वहां के लोगों के पास आधार निर्वाचन राशन कार्ड बिजली बिल सड़क हैंडपंप आदि सरकारी सुविधाओं समेत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है । उन्हें आज तक भूखंड का पट्टा नहीं मिला । और सभी परिवार भूमिहीन हैं जिसके वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सदर विधायक चौबे द्वारा डीएम को पत्र भेजकर ढौठा टोला में निवास कर रहे लोगों को भूखंड का पट्टा नियमानुसार दिलाने के लिए निर्देशित किया ।

## मिर्जापुर समाचार

मिर्जापुर उपजिलाधिकारी विजय नारायण सिंह ने रविवार को मतदाता कार्ड को आधार नंबर से लिंक किए जाने के विशेष अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो बीएलओ, एक पर्यवेक्षक अनुपस्थित रहे। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्रवाई के लिए पत्र लिखने के साथ ही पर्यवेक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी।

मिर्जापुर जिगना थाना अंतर्गत फर्जी डी0आई0जी0 गिरफ्तार बीती रात डी0आई0जी0 बनकर पुलिस अधीक्षक को फोन करके निलंबित करने की धमकी एवं गली-गलौझ करने वाले युवक को जिगना थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार।

मिर्जापुर अहरौरा क्षेत्र के पट्टी कला स्थित घर से शुक्रवार की सुबह ब्रश करके चाय पीने निकले एक व्यक्ति का शव रविवार को सुबह लखनिया दरी जलप्रपात से पहले झाडि़यों में पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पट्टीदारों पर जमीन संबंधी विवाद में हत्या किए जाने का आरोप लगाया। मौके पर फोरेंसिक टीम तथा डॉग स्क्वॉड भी जांच के लिए पहुंची। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन महेश सिंह अत्रि ने भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस तहरीर के आधार पर इस मामले की जांच में जुटी है।

मिर्जापुर देहात कोतवाली क्षेत्र के विंढम फाल जाने वाले मार्ग के पास रविवार को सुबह सोनभद्र से लौटते समय कार के टक्कर के टक्कर बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के परिजनों को सूचना देकर पुलिस के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर अस्पताल में हंगामा करने लगे। जिसके बाद पहुंचे देहात और शहर कोतवाल ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया।


यूपी के मिर्जापुर का टमाटर, मिर्च, कालीन, चीनी मिट्टी सहित अन्य उत्पाद अब आसानी से निर्यात हो सकेगा। निर्यात को बढ़ाया देने के लिए चुनार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से प्रस्तावित सरदार वल्लभ भाई पटेल निर्यात सुविधा केंद्र अब मूर्तरूप लेने जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल छह सितंबर को इस केंद्र की आधारशिला रखेंगी।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर महिला सहित तीन की मौत

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के चोर पनिया में ट्रक व बाइक की आमने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात्रि लगभग ग्यारह बजे चोपन थाना क्षेत्र के चोर पनिया वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग पर डाला के तरफ से आ रही ट्रक से विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवारों आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। करवाया व यातायात बहाल करवाया।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत व डाला चौकी इंचार्ज सुरेशचन्द्र द्विवेदी ने तीनों शवो को एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवा दिया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुघर्टना में मजमुद्दीन अंसारी उम्र लगभग 25 वर्ष व इस्ताक अंसारी उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्र इसरायल अंसारी निवासी पतिहारी विशुनपुर जिला गढ़वा एवं महिला गुलाबी उम्र लगभग 28 वर्ष पतनी छोटूराम









जिसमें दो व्यक्ति व एक महिला समेत कुल तीन लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई इस दौरान गश्त पर जिले के रोस्टर प्रभारी संजय कुमार राय ने सड़क पर पड़े तीनों शव को सड़क के किनारे निवासी ललमरीया जुगैल की शिनाख्त में बताया गया हैं। ट्रक चालक घटना स्थल से फरार हो गया। इस संबंध में चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि जांच प्रक्रिया चल रही हैं।

# चोरों ने डंपर के दो बैटरी किए गायब

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**डाला सोनभद्र स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बाजार पीएनबी बैंक से लगभग सौ मीटर दूर पर खड़ी छः चक्का ट्रक की दो बैट्री चोरों ने उड़ाया बिती रात को डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बाजार पीएनबी बैंक से लगभग सौ मीटर दूर पर खड़ी छः चक्का ट्रक के दो बैट्री चोरों ने उड़ा ले ग जिसके बाद भुक्तभोगी शहनवाज शाह ने डाला चौकी में तहरीर दिया जिसके उपरांत डाला चौकी इंचार्ज सुरेशचंद्र द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे इस संबंध में चौकी इंचार्ज ने बताया कि भुक्तभोगी के तहरीर पर घटना स्थल का जांच किया गया जो भी इस जद में आएं आरोपीयों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



# नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड एन0सी0एल0मे प्रयुक्त होने वाले डीजल कि चोरी एवं तस्करी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

## गैग सरगना सहित 6लोगो कि एसटीएफ ने किया गिरफतार

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड (एन0सी0एल0) में प्रयुक्त होने वाले डीजल की चोरी/तस्करी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुये 12000 लीटर डीजल (अनुमानित मूल्य लगभग 1080000/-रूपये) एवं चोरी के डीजल बेचने से प्राप्त रूपये 829500/-नगद बरामद करते हुये गैंग क्रेटा कार-01 अदद । 3- मारूती स्विफ्ट कार-01 अदद । 4- रूपये 8,29,500/-नगद (चोरी का डीजल बेचने से प्राप्त धनराशि) 5- मोबाइल फोन-10 अदद । **गिरफ्तारी का स्थान-** दुद्धी चुआ कोल परियोजना गेट, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र । नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड (एन0सी0एल0) में प्रयुक्त होने वाले डीजल की चोरी होने के संबंध में जाये तो पकडें जा सकते हैं । इस सूचना पर विश्वस्त सूत्रों द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंच कर अभियुक्तगण उपरोक्त की गिरफ्तारी कर उपरोक्त बरामदगी की गयी । **पूछताछ का विवरणः-** पूछताछ, छानबीन एवं अभिसूचना संकलन से पाया गया कि नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड की कई परियोजनायें जनपद सोनभद्र के आस-पास स्थित हैं, जिसमें से दुद्धीचुआ, मात्रा एन0सी0एल0 के संबंधित में रजिस्टर पर प्राप्त करा दिया जाता है । इसके एवज में एन0सी0एल0 के कर्मचारीगण को 34/-रूपये प्रति लीटर की दर से पैसा दे दिया जाता है । इस संगठित गिरोह में उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त मुर्तजा खान भी प्रमुख सहयोगी/सदस्य है, जिसका ट्रान्सपोर्ट का काम है। मुर्तजा खान ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसके



सरगना पुष्पराज यादव सहित कुल 06 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्ततगण का विवरण निमन्वत है - **गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-** 1-पुष्पराज यादव पुत्र वीरेन्द्र कुमार निवासी गधियॉव, थाना करछना, जनपद प्रयागराज (सरगना) 2-मुर्तजा खान पुत्र मो0 उमर निवासी परगासपुर, थाना कन्धई हनुमानगंज, जनपद प्रतापगढ (ट्रान्सपोर्टर) 3-राजेश कुमार पुत्र दानबहादुर यादव निवासी घाटमपुर कटहरा, थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज। 4-मो0 मकमूल खान पुत्र मो0 अयूब निवासी कन्धई मधुपुर, थाना कन्धई हनुमानगंज, जनपद प्रतापगढ़ । 5-सलीम अहमद पुत्र मो0 इस्तेखार निवासी वार्ड नं0 39 बैढन सिंगरौली, मध्य प्रदेश । 6-अशोक कुमार यादव पुत्र रामदास यादव निवासी पिपरानाजी, थाना सलेमपुर, जनपद देवरिया । **बरामदगीः-** 1- तेल टैंकर-01 अदद (मय 12000 लीटर डीजल) 2- हुण्डई एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई वाराणसी को जांच प्राप्त हुई थी । उक्त प्रकरण की जांच हेतु निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई वाराणसी की टीम गठित की गयी थी जिनके द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही थी । अभिसूचना संकलन से ज्ञात हुआ कि एन0सी0एल0 की परियोजनाओं में आपूर्ति होने वाले डीजल की चोरी/तस्करी एन0सी0एल0 के कुछ कर्मचारियों एवं संगठित गिरोह के सदस्यों द्वारा आपसी मिलीभगत से की जा रही है । इसी क्रम में दिनांक 02-09-2022 को धरातलीय अभिसूचना संकलन हेतु एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई वाराणसी की टीम जनपद सोनभद्र में मौजूद थी कि विश्वस्त सूत्र द्वारा अवगत कराया गया कि डीजल चोरी/तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्यगण भारी मात्रा में डीजल बेचकर शेष बचे डीजल को लेकर थाना शक्तिनगर क्षेत्रान्तर्गत दुद्धी चुआ कोल परियोजना गेट के पास आने वाले हैं, यदि शीघ्रता की खडिया, बीना व ककरी प्रमुख परियोजनायें हैं । इन परियोजनाओं में स्थापित मशीनों व वाहनों को चलाने हेतु डीजल की आपूर्ति इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड (आई0ओ0सी0एल0) मुगलसराय, जनपद चन्दौली से किया जाता है । डीजल की आपूर्ति टैंकरों के माध्यम से आवश्यकतानुसार विभिनन एन0सी0एल0 परियोजनाओं में किया जाता है । उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त पुष्पराज यादव ने पूछताछ के दौरान बताया कि आई0ओ0सी0एल0 मुगलसराय से तेल टैंकर एन0सी0एल0 के लिये आता है तो एन0सी0एल0 के कर्मचारियों की मिलीभगत से एन0सी0एल0 पहुंचने से पहले ही आस-पास के पहले से निश्चित कतिपय पेट्रोल पम्पों पर तेल को बेच दिया जाता है । इसके उपरान्त एन0सी0एल0 के कर्मचारीगण के सहयोग से जितनी मात्रा में आई0ओ0सी0एल0 मुगलसराय से तेल प्राप्त हुआ रहता है, उतनी ही पास लगभग 45 तेल टैंकर हैं, जिसमें से 14 तेल टैंकर इण्डियन ऑयल डिपो मुगलसराय में नेशनल ट्रान्सपोर्ट कैरियर के नाम से रजिस्टर्ड हैं, जिनसे एन0सी0एल0 में आपूर्ति की जाती है । उल्लेखनीय है कि बरामद तेल टैंकर के चालक सलीम अहमद द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि आई0ओ0सी0एल0 से 29000 लीटर डीजल लेकर चला था, जिसमें से 17000 लीटर डीजल भैरव सर्विस स्टेशन निगाही हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के पम्प पर पुष्पराज यादव आदि के बताये अनुसार बेच कर शेष 12000 लीटर डीजल लेकर दुद्धी चुआ आया था, जहॉ पर उसे गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध जनपद सोनभद्र के थाना शक्तिनगर में मु0अ0सं0 126/2022 धारा 379/411/34 भादवि व 207 एम0वी0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है ।






# हाईकोर्ट की सख्ती के बाद तहसील प्रशासन ने दिखाई तेजी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** हाईकोर्ट की सख्ती के बाद तहसील प्रशासन ने नगर पालिका राबर्ट्सगंज उर्फ टांड़ का डौर का नया खसरा-खतौनी तैयार करने में तेजी लाई है। काफी हद तक रिकार्ड तैयार भी कर लिया है। जरूरतमंदों को इसका नकल भी दिया जा रहा है। हालांकि कोर्ट में इस बाबत अब तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। नोटिस जारी होने के बाद अब इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। राबर्ट्सगंज में अभी भी जमींदारी कानून लागू है। इसका रिकार्ड नियमित अपडेट करने का निर्देश है। वर्ष 1994 के बाद से यह रिकार्ड अपडेट नहीं किया किया गया था। इस बीच वर्ष 2018 में खसरा रजिस्टर गायब हो गया। सरकारी जमीन पर कब्जे और एक ही भूमि को कई लोगों के बेचे जाने से जमीन विवाद के मामले खूब बढ़े हैं। खसरा रजिस्टर न होने से इनका समाधान नहीं हो पा रहा। भवन स्वामियों को भूमि स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज के अभाव में विभिनन योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। मामला हाईकोर्ट में पहुंचा तो कोर्ट ने जिला प्रशासन को नया रजिस्टर बनाने का निर्देश दिया। कोर्ट के आदेश के क्रम में तहसील प्रशासन ने खसरा-खतौनी रजिस्टर को काफी हद तक अपडेट कर दिया है और जरूरतमंदों को नकल भी मुहैया कराया जा रहा है।

# एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर ग्रामीण क्वालिटी सर्किल स्तर की महिलाओं की दोनों टीमों ने क्षेत्रीय स्तर क्युसीएफ़आई में जीता गोल्ड

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र/शक्तिनगर ।** शक्तिनगर, सीएसआर के अंतर्गत ग्रामीण क्वालिटी सर्किल की टीम ठग्राम विकासङ्ग एवं ङ्खमां ज्वालाठ द्वारा दिनांक 04.09.2022 वाराणसी में आयोजित सी एस आर द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्तरीय एवं महिलाओं की थी, जिसने इस प्रतियोगिता में अन्य कॉर्पोरेट एजेंसियों के पुरुष कर्मचारियों के साथ प्रतिस्पर्धा की एवं गोल्ड अवार्ड जीता। उन्होंने यह भी कहा कि बालिका प्रशिक्षण जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहें है। श्री आरिफ खान, क्वालिटी चैंपियन, क्यूसीएफआई के कुशल मार्गदर्शन में सभी ग्रामीण क्वालिटी सर्किल टीम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था सुश्री सरोज श्रीवास्तव, श्री राम लखन पाण्डेय, सुश्री श्यामली राजाकी, सुश्री श्वेता विश्वकर्मा, टीम मां ज्वाला के प्रतिभागियों-श्री रामकेश गुप्ता, सुश्री ममता, सुश्री लता कुमारी शॉ, सुश्री मुननेलाल




क्षेत्रीय 10वें क्वालिटी सर्किलफोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफ़आई) में गोल्ड अवार्ड हासिल किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली के दोनों टीमें क्यूसीएफ़आई वाराणसी में क्षेत्रीय स्तर में स्वर्ण अवार्ड जीतने के बाद अब क्यूसीएफ़आई के राष्ट्रीय स्तर प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करेंगी। श्री बसुराज गोस्वामी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली ने विजेता टीम को बधाई दी एवम् कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस क्षेत्रीय स्तर, क्यूसीएफआई, वाराणसी में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों में से केवल एनटीपीसी सिंगरौली की ही दोनों टीमें सशक्तिकरण, एनटीपीसी सिंगरौली के प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। महिलाओं को प्रोत्साहन देने हेतु एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा विभिनन योजनाएँ एवं कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते हैं। पूर्व में सीएसआर के तहत बालिका सशक्तिकरण अभियान, रक्षा प्रतिस्पर्धात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवम् स्वरोजगार के विभिनन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं एवम् वनिता समाज,एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा भी महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर भारत के तहत आस-पास महिलाओं हेतु ब्यूटीशियन कोर्स, सिलाई एवम् एनटीपीसी पैनल द्वारा प्रस्तुतिकरण के आधार पर इन दोनों टीमों को क्षेत्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया था।इससे पूर्व वर्ष 2019 में भी एनटीपीसी सिंगरौली की ग्रामीण क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) टीम ने क्षेत्रीय स्तर की क्यूसीएफआई में जीत दर्ज़ की थी एवं राष्ट्रीय स्तर क्यूसीएफआई प्रतियोगिता में भी प्रतिनिधित्व किया था।इस क्यूसीएफ़आई प्रतियोगिता में एनटीपीसी सिंगरौली की दोनों टीम क्रमशः टीम ग्राम विकास के प्रतिभागियों - सुश्री सरस्वती सिंह, गुप्ता, सुश्री सन्हा गुप्ता द्वारा गाँव के स्तर पर होने वाली समस्याओं, उनके कारक एवं समस्या के संभावित समाधान पर वस्तुपरक, तथ्यात्मक एवं तुलनात्मक प्रेजेंटेशन किया गया। सभी प्रतिभागियों, क्यूसीएफ़आई, उपस्थित जनों, निर्णायक मंडल द्वारा एनटीपीसी सीएसआर की इस सार्थक गतिविधि की सराहना की गयी। इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता के दौरान श्री ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन, श्री कुमार आदर्श, कार्यपालक सीएसआर, एनटीपीसी सिंगरौली एवम् श्री देवेश कुमार भी उपस्थित रहें।

# सहवाग ने बताया कि टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में विराट कोहली को भारत के लिए ओपन करना चाहिए या नहीं

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 में टीम इंडिया के प्रदर्शन ने निराश जरूर किया, लेकिन ये टूर्नामेंट पूर्व भारतीय चर्चा हो रही है कि कोहली को टी20 में भारत के लिए ओपन करना चाहिए या नहीं और इस पर अब टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग थे। ऐसा सिर्फ इस वजह से हुआ था क्योंकि टीम का कप्तान नहीं खेल रहा था और विराट कोहली के साथ भी ऐसा ही हुआ।



कप्तान विराट कोहली के जबरदस्त रहा और वो भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे। कोहली ने इस टूर्नामेंट के आखिरी मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 61 गेंदों पर नाबाद 122 रन की पारी खेलकर पिछले तीन साल से चले आ रहे अपने शतक के सूखे को खत्म करने में कामयाबी पाई जो उनकी टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की सबसे बड़ी पारी भी रही। अफगानिस्तान के खिलाफ कोहली की इस पारी के बाद इस बात पर ने भी अपनी राय दी है। सहवाग का मानना है कि विराट कोहली ने सिर्फ इस वजह से ओपनिंग की क्योंकि रोहित शर्मा उस मैच का हिस्सा नहीं थे। वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने भी ओपनिंग की थी और कुछ अच्छी पारियां खेली थी। उन्होंने कहा कि एक टेस्ट मैच में मैंने और राहुल द्रविड़ ने टीम के लिए ओपनिंग की थी और हमारे बीच 400 रन की साझेदारी हुई थी। द्रविड़ ने उस टेस्ट मैच में 160 या 170 रन बनाए अफगानिस्तान के खिलाफ कप्तान रोहित नहीं खेल रहे थे इस वजह से केएल राहुल के साथ कोहली ने ओपनिंग की थी। मेरा या मानना है कि कोहली का ओपनिंग करना संयोग था और टी20 में उनका भारत के लिए ओपन करना सही नहीं होगा। अब जब उन्होंने शतक बना लिया है तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा कि वो 100 शतक पर रुक जाए। हम देखेंगे कि वो अपना 101वां शतक कब बनाते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप से पहले लगा जोरदार झटका

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को आगले साल होने वाले आइसीसी वनडे विश्व कप से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के मौजूदा कप्तान आरोन फिंच ने वनडे से संन्यास की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच उनके वनडे करियर का आखिरी मुकाबला होगा। फिंच के संन्यास लेने की जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आधिकारिक तौर पर दी है। 45 साल के फिंच किए गए एक बयान में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस बात की जानकारी दी है कि फिंच इस साल घर पर होने वाले आइसीसी टी20 विश्व कप में टीम की कप्तानी करेंगे। बोर्ड द्वारा यह पक्का किया गया है कि फिंच कप्तान बने रहेंगे और टीम उनकी अगुवाई में ही 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेगी। फिंच ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कुल 145 वनडे मुकाबले खेले जिसमें उन्होंने 5401 रन बनाए। इस दौरान




पिछले कुछ वक्त से लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के बल्ले से आखिरी बड़ी पारी जून में श्रीलंका के खिलाफ देखने को मिली थी। उन्होंने इस वनडे मैच में 62 रन की पारी खेली थी। मौजदा न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के पहले दो मुकाबले में भी वह रन बनाने में नाकाम रहे। इन दो मुकाबलों में वह महज 5 रन ही बना पाए हैं। शनिवार को जारी 17 शतकीय पारी खेली। साल 2020 में उनको ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम का प्लेयर ऑफ द इयर चुना गया था। 2015 में विश्व कप जीतने वाली वनडे टीम का हिस्सा रहे फिंच ने 2013 में श्रीलंका के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ वह अपना आखिरी वनडे मैच रविवार 11 सितंबर को खेलने उतरेंगे।

# एशिया कप के बाद टीम इंडिया अगली सीरीज के लिए तैयार, नोट कर लीजिए पूरा कार्यक्रम




**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर में हार के साथ ही एशिया कप खत्म हो गया था। तय कार्यक्रम के मुताबिक भारत ने अपना आखिरी उपर फोर मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ खेला। एशिया कप अब भारत के लिहाज से पूरी तरह से खत्म हो चुका है और अब टीम अगली सीरीज की तैयारी में जुट गई है। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन टी20 मुकाबलों के लिए भारत का दौरा करने वाली है। एशिया कप में फाइनल की दौड़ से बाहर होने के बाद अफगानिस्तान से सुपर फोर मुकाबला खेलकर भारतीय टीम वापस देश लौट नए मिशन पर जुटेगी। टीम इंडिया अपने शेड्यूल के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज में खेलगी। इस सीरीज का कार्यक्रम काफी पहले जारी किया जा चुका है। भारत के दौरे पर आ रही ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 20 सितंबर को खेलने उतरेगी। पहला मैच पंजाब के मोहाली में खेला जाना है। 23 सितंबर को सीरीज का दूसरा मैच नागपुर में होगा। आखिरी यानी तीसरा मुकाबला 25 सितंबर को हैदराबाद में खेला जाएगा। आरोन फिंच (कप्तान), पैट कमिंस (उप-कप्तान), एश्टन एगर, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, कैमरन ग्रीन, एडम ज़म्पा। जानकारी के मुताबिक भारत के टी20 विश्व कप की टीम का चयन अगले हफ्ते किया जा सकता है। 16 सितंबर तक टीम की घोषणा होने की उम्मीद जताई जा रही है। चयनकर्ता इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली इस टी20 सीरीज के लिए भी टीम की घोषणा कर सकते हैं।

# पूर्व क्रिकेटर बोले, विराट कोहली को ओपनिंग करना चाहिए लेकिन केएल राहुल को शायद यह पसंद नहीं आए

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एशिया कप के आखिरी मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जमाया। तीन साल के बाद उनके बल्ले से निकले इस शतक की हर तरह तारीफ हो रही है। इसी के साथ अब उनको पारी की शुरुआत करने की बात भी चर्चा में है। रोहित की गैरमौजूदगी में कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ केएल राहुल के साथ पारी की शुरुआत की थी। हरभजन ने इंडिया टुडे से बात करते हुए कहा, ठउन्होंने फ्रेंचाइज टीम के लिए पारी की शुरुआत की हुई है जब वह आरसीबी की कप्तानी किया करते थे। आरसीबी के लिए जब उन्होंने पारी की शुरुआत की थी तो उस सीजन में 921 रन बना डाले थे। तो यह जो भूमिका है उनके लिए नई तो नहीं है, यह जो जगह है उनको पसंद आती है।ठठअब भारतीय टीम को यह तय करना है कि उनको क्या चाहिए। क्या विराट कोहली और रोहित शर्मा को बतौर ओपनिंग जोड़ी भेजना चाहेंगे और केएल राहुल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। टीम मैनेजमेंट को यह फैसला लेना है कि उनके लिए प्लान बी होगा या फिर प्लान ए। मेरे लिए तो विराट सबसे उपर आते हैं, टॉप के खिलाड़ी हैं इस बात में कोई शक ही नहीं। वैसे ही केएल और रोहित की भी जोड़ी आती है। वैसे तो विराट कोहली से पारी की शुरुआत करवानी बहुत ही कमाल का आडिया है लेकिन इस बात को लेकर पक्का नहीं हूं कि राहुल इस चीज को लेकर आगे बढ़ने के पक्ष में होंगे या नहीं।कोहली के पारी की शुरुआत करने के सवाल पर अफगानिस्तान के मुकाबले के बाद केएल राहुल ने पत्रकार को अजीब प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था, तो क्या मैं खुद बाहर बैठ जाउं, कमाल बात करते हैं।



# 15 सदस्यीय भारतीय टीम का आशीष नेहरा ने किया चयन, दीपक चाहर को किया बाहर

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 के दौरान टीम इंडिया लगातार प्रयोग करती हुई नजर आई और इसका परिणाम ये हुआ कि भारतीय टीम फाइनल तक नहीं पहुंच पाई। ओवरऑल अगर टीम इंडिया की बात करें तो एक-दो बल्लेबाजों को छोड़कर ज्यादा ने निराश किया जबकि गेंदबाजी के मोर्चे पर टीम पूरी तरफ से फेल साबित हुई। अब भारत का अगला मिशन टी20 वर्ल्ड कप 2022 है जो ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान अभी किया जाएगा, लेकिन सबसे मन में ये सवाल जरूर है कि वो 15 कौन होंगे जो इस बार खिताबी जीत के लिए टीम का हिस्सा बनेंगे अब टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने अपनी फेवरेट 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन किया है जिसमें उन्होंने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर दीपक चाहर को मौका नहीं दिया। केएल राहुल ने इंजरी से वापसी करने के बाद ज्यादा अच्छी बल्लेबाजी नहीं की है, लेकिन फिर भी नेहरा ने उन्हें बतौर ओपनर टीम में मौका दिया है। उन्होंने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत को 6 टी20 मैच और खेलने हैं और राहुल के पास वापसी का मौका है। नेहरा ने कहा कि सूर्यकुमार यादव प्लेइंग इलेवन में होने चाहिए क्योंकि वो रिषभ पंत का विकल्प हैं और आप दोनों को चार या पांच पर स्वैप कर सकते हैं। नेहरा ने आर अश्विन के बारे में कहा कि उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद से भारत के लिए ज्यादा टी20 मैच नहीं खेले हैं। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ रवींद्र जडेजा और युजवेंद्रा चहल अहम हैं बल्कि आर अश्विन भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अगर वो खेलते हैं तो प्रभाव डाल सकते हैं। नेहरा ने मो. शमी का बारे में कहा कि वो टेस्ट खेल रहे हैं और भारत के लिए इस साल उन्होंने टी20 मैच नहीं खेला है ऐसे में वो चयनकर्ताओं को प्रभावित नहीं कर पाएंगे, लेकिन मैंने आइपीएल 2022 में उन्हें गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए देखा है। वहीं उन्होंने अपनी टीम में दीपक चाहर को भी शामिल नहीं किया। जडेजा को नेहरा ने अपनी टीम में रखा जिनकी अभी घुटने की सर्जरी हुई है और वो टी20 वर्ल्ड कप खेल भी पाएंगे या नहीं ये तय नहीं है। रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, रिषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, दिनेश कार्तिक, जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, दीपक हुड्डा।



# पहले टी20 में इंग्लैड के खिलाफ उतरेगी भारतीय महिला टीम

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड के दौरे पर अपने अभियान की शुरुआत 3 टी20 मुकाबलों की सीरीज के साथ करेगी। शनिवार रात भारतीय टीम पहला मुकाबला खेलेगी। टीम इंडिया ने हालिया कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार खेल दिखाते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया था। इस वक्त इंग्लैंड की टीम महिला टी20 रैंकिंग में तीसरे जबसि भारतीय टीम 5वें स्थान पर है कब होगा भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच यह टी20 मैच भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच यह टी20 मैच 10 सितंबर, शनिवार को होगा। भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच यह टी20 मैच कहां होगा भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच यह टी20 मैच चेस्टर ली स्ट्रीट के रिवर साइड ग्राउंड में होगा। कितने बचे शुरू होगा भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच यह टी20 मैच भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच यह टी20 मैच भारतीय समय के मुताबिक रात 11.30 शुरू होगा जबकि इस मैच का टॉस रात 11 बजे हो जाएगा।कहां देख सकते हैं भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच यह टी20 मैच भारत और इंग्लैंड की महिला टीम के बीच यह टी20 मैच सोनी नेटवर्क पर देख सकते हैं। इस मैच का लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव एप पर देख सकते है।

# भारत और इंग्लैड की महिला टीमों के बीच पहले टी20 मैच में आज होगा आमना-सामना

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारतीय महिला क्रिकेट और इंग्लैंड के बीच शनिवार को सीरीज का पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि बल्लेबाजी क्रम में संतुलन की जरूरत है। बर्मिंघम कामनवेल्थ गेम्स के फाइनल में आस्ट्रेलिया के 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत एक समय दो विकेट पर 118 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में था, लेकिन इसके बाद बल्लेबाजी क्रम ढह गया और पूरी टीम 19.3 ओवर में 152 रन पर आउट हो गई हरमनप्रीत ने कहा, 'हम इस पर काम कर रहे है। मुझे पता है कि ये चीजें हमें लंबे समय से परेशान कर रही हैं। हमें थोड़ा धैर्य दिखाने की जरूरत है और थोड़े समय के बाद हमें परिणाम भी मिलने शुरू हो जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'इसलिए इस बार हमने टीम में दो और बल्लेबाजों डायलन हेमलता और केपी नवगिरे को शामिल किया है जो हमारे लिए मैच को अंजाम तक पहुंचा सकती हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया और काफी रन बनाए हैं। हमें निचले क्रम में संतुलन रखने की जरूरत है, जब संतुलन होता है तो चीजें आसान हो जाती हैं।

# राशीफल

मेष-:आज का दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

वृष-:आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

मिथुन-:आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा

कर्क-:आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा. राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा और कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

सिंह-:आज आपके मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है. आप जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, यह फायदेमंद साबित होगा।

कन्या-:नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

तुला-:यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा. यदि आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल।

वृश्चिक-:आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

धनु-: आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। आपको कई अवसर प्राप्त होंगे और आपको वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। प्रेमियों का समय सुखद रहेगा।

मकर-:आज आपको अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए. भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

कुंभ-:आपकी माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं. लेकिन भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

मीन-:आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करें तो करियर ।

# अंपायर ने मैदान पर किया ऐसा काम की बाबर आजम को कहना पड़ा, भाई मैं टीम का कप्तान हूं

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेले गए सुपर-4 मुकाबले में दसुन शनाका की टीम ने बाबर आजम की टीम को घुटने पर ला दिया। फाइनल मैच से खेले गए इस आखिरी सुपर-4 मैच में श्रीलंका ने पहले शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 121 रन पर ऑलआउट भी आया जब पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को मैदान पर अंपायर को बताना पड़ा कि भाई मैं टीम का कप्तान हूं। वैसे इस मैच के दौरान जैसे-जैसे श्रीलंका का पाला भारी पड़ता जा रहा था बाबर आजम मैदान पर परेशान और हताश नजर आए। बाबर आजम की निराशा उस वक्त और बढ़ गई जब दूसरी पारी के 16वें ओवर के दौरान फील्ड फील्ड अंपायर ने उनकी अपील को खारिज कर दिया और बल्लेबाज को नॉट आउट करार दे दिया। इसके बाद बाबर आजम ने डीआरएस की मांग नहीं की, लेकिन अंपायर ने इसके लिए तीसरे अंपायर को इशारा कर दिया। इसके बाद बाबर आजम गुस्से में आ गए और अंपायर के पास जाकर उन्होंने कहा कि 'मैं कप्तान हूं'। हालांकि डीआरएस में




कर दिया और फिर 17 ओवर में 5 विकेट पर 124 रन बनाते हुए मैच में जीत दर्ज कर ली। हालांकि पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों ही एशिया कप 2022 के फाइनल में पहुंच चुके हैं और दोनों के बीच खिताबी मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। इस मैच में एक वक्त ऐसा अंपायर ने तीसरे अंपायर को डीआरएस के लिए संकेत दिया जबकि बाबर की तरफ से ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया गया था। हुआ ये कि दूसरी पारी का 16वां ओवर हसन अली फेंक रहे थे और उनकी एक गेंद पर विकेटकीपर मो. रिजवान ने कैच की एक जोरदार अपील की। दिखा कि बल्ले और गेंद के बीच कोई संपर्क नहीं था और पाकिस्तान को अपना रिव्यू गंवाना पड़ा। ये मैच फाइनल के पहले का रिहर्सल का जिसमें पाकिस्तान को 5 विकेट से हार मिली। इस मैच में बाबर आजम ने 30 रन की पारी खेली थी।

# गुमनाम' के ट्रेलर के साथ अक्षय कुमार की फिल्म 'कटपुतली' को किया टैग


(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली । बॉक्स ऑफिस पर तो अक्सर फिल्मों के बीच टक्कर दिखायी देती है, मगर ओटीटी स्पेस में ऐसी जंग पहले नहीं देखी गयी है, जब एक प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही फिल्म को टक्कर देने के लिए किसी दूसरे प्लेटफॉर्म ने वैसी ही फिल्म ठीक उसी दिन रिलीज करने का एलान किया है और साथ ही सोशल मीडिया पोस्ट में दूसरे प्लेटफॉर्म की फिल्म को टैग भी किया हो। डिजनी प्लस हॉटस्टार पर 2 सितम्बर को अक्षय कुमार और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म कटपुतली रिलीज हो रही है। यह एक साइकोलॉजिल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें पुलिस अफसर बने अक्षय एक सनकी कातिल को खोजते हुए नजर आएंगे। उधर, इसी गुरुवार को जी5 ने गुमनाम फिल्म की घोषणा की, जो तेलुगु फिल्म रक्षासुडु का हिंदी डब वर्जन है। 2019 में आयी इस फिल्म का निर्देशन रमेश वर्मा ने किया है, जबकि बेल्लमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन ने लीड रोल निभाये हैं। यहां बता दें कि अनुपमा ने कार्तिकेय 2 में भी फीमेल लीड रोल निभाया है। इन दोनों फिल्में को ट्रेलर देखें तो यह बिल्कुल एक जैसी लग रही हैं और इसकी वजह है ओरिजिनल फिल्म। दरअसल,



रक्षासुडु 2018 में आयी तमिल फिल्म रतसासन का आधिकारिक तेलुगु रीमेक है। कटपुतली भी इसी फिल्म का रीमेक है। हालांकि, मेकर्स ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि यह रतसासन का रीमेक है। यह तो बात रही दोनों फिल्मों के सब्जेक्ट एक जैसे होने की, मगर सबसे दिलचस्प बात यह है कि जी5 ने गुमनाम का ट्रेलर शेयर करने के साथ कटपुतली को भी टैग किया है, जिसको लेकर यूजर्स रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कटपुतली और गुमनाम को रतसासन का रीमेक बताया है। गुमनाम भी 2 सितम्बर को जी5 पर रिलीज हो रही है। कटपुतली अक्षय कुमार का अपने फैंस के लिए सरप्राइज गिफ्ट है, क्योंकि यह फिल्म अक्षय की इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट में कहीं नहीं थी। सम्राट पृथ्वीराज के बाद अक्षय के फैंस राम सेतु का इंतजार कर रहे थे, मगर अचानक एलान किया गया कि कटपुतली डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। कटपुतली का निर्माण पूजा एंटरटेनमेंट ने किया है, जबकि गुमनाम को पेन इंडिया लि. रिलीज कर रहे है। कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा के साथ भी कुछ ऐसा ही होने वाला था, जब पुष्पा-द राइज की सुपर सक्सेस के बाद अल्लू अर्जुन की फिल्म आला वैकुंठपुरमुलू के निर्माताओं ने इसे हिंदी में डब करके सिनेमाघरों में रिलीज करने का प्लान बनाया था, जिसके बाद शहजादा के मेकर्स के बीच हड़कम्प मच गया था, क्योंकि शहजादा इसी फिल्म का रीमेक है। अगर आला वैकुंठपुरमुलु हिंदी में रिलीज हो जाती तो शहजादा की लोकप्रियता सीधे प्रभावित हो सकती थी।

# ईशान खट्टर ने फोन में बदला जाह्नवी कपूर का नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत साथ में की थी। दोनों ने साल 2018 में करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'धड़क' से बॉलीवुड में



कदम रखा था। इस दौरान दोनों के बीच न सिर्फ गहरी दोस्ती थी, बल्कि दोनों के अफेयर की खबरों ने भी खूब जोर पकड़ा था। ईशान खट्टर जब जाह्नवी कपूर को डेट कर रहे थे, तो उस दौरान उन्होंने जाह्नवी को निकनेम भी दिया था। वह जाह्नवी को प्यार से 'पोटैटो' बुलाते थे और यही निकनेम से उन्होंने जाह्नवी का नंबर भी फोन में सेव किया था। हालांकि अब ये नाम अब बदल चुका है और ईशान ने जाह्नवी को नया नाम दिया है। इस बात का खुलासा खुद ईशान खट्टर ने करण जौहर के शो में किया। कटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी हाल ही में करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' 7 में खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। इस दौरान कटरीना कैफ ने जहां विक्की से शादी से लेकर पहली मुलाकात और लव लाइफ के राज खोले, तो वहीं ईशान खट्टर ने भी कुछ खुलासे किए। करण जौहर ने रैपिड फायर राउंड के दौरान जब ईशान से पूछा कि जाह्नवी कपूर को वह पोटैटो बुलाते थे, क्या अब भी जाह्नवी का नंबर उनके मोबाइल में उसी नाम से सेव है। इस बात का जवाब देते हुए ईशान खट्टर ने कहा, 'नहीं, अब जाह्नवी का नाम उनके फोन में 'जाह्नवी बोनी कपूर' नाम से सेव है। ईशान खट्टर की ये बात सुनते ही कटरीना कैफ और सिद्धांत चतुर्वेदी की हंसी छूट गई। कटरीना कैफ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर जल्द ही फिल्म 'फोन भूत' में पहली बार साथ नजर आएंगे। यह एक कॉमेडी हॉरर ड्रामा फिल्म है।

# गुडबाये का ट्रेलर लॉन्च के बाद गणपति बप्पा के पंडाल पहुंची रश्मिका मंदाना

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म गुड बाय के ट्रेलर रिलीज के सिलसिले में मुंबई आई हुई हैं। मुंबई स्थित एक गणेश पंडाल पर भगवान गणेशजी के दर्शन करने पहुंची हैं वहीं, मंगलवार को उनकी फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इस मिल रही है। लेकिन नीना गुप्ता की कॉमेडी और अमिताभ बच्चन के साथ उनका रोमांटिक अंदाज लोगों को खूब भा रहा है विकास बहल



मंगलवार को वो अपनी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होने के बाद गणपति बप्पा के पंडाल में गणेश जी के दर्शन करने पहुंची हैं। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रश्मिका के इस वीडियो को सोशल मीडिया पर सेलिब्रेटि फोटोग्राफर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में रश्मिका को अपनी कार की सन रूफ से बाहर निकल कर फैंस पर प्यार लूटाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो को शेयर कर पैपराजी ने बताया कि वो 2 मिनट 59 सेकंड का ये ट्रेलर पूरी तरह से आपको खुद से जोड़े रखेगा, क्योंकि शुरुआत से लेकर अंत तक आपको इस ट्रेलर में फैमिली वाइब्स मिलेंगी। ट्रेलर में अमिताभ बच्चन की पंचिंग लाइंस आपका दिल जीत लेंगी, तो वहीं फिल्म में अमिताभ बच्चन और नीना गुप्ता की बेटी का किरदार निभा रही रश्मिका मंदाना का दुःख भरी सिचुएशन में भी कूल अंदाज देखने को मिल रहा है। अमिताभ बच्चन और रश्मिका मंदाना के बीच ट्रेलर में खूब नोक-झोंक देखने को द्वारा निर्देशित इस फैमिली ड्रामा फिल्म की कहानी जीवन को जश्न के रूप में पेश करती है। ट्रेलर देख कर मालूम होता है कि फिल्म की कहानी एक परिवार और रिश्तों के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आती है, जो दिल को छू रही है। ये फिल्म दर्शकों को हंसी, गर्मजोशी और आंसुओं से भरे इमोशंस के साथ रोलर-कोस्टर राइड पर ले जाएगी। परिवारिक रिश्तों को पेश करने वाली ये फिल्म 7 अक्टूबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जाह्नवी कपूर का बोल्ड अंदाज देख फैंस के छूटे पसीने, कहा



**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट बोल्ड फोटोज शेयर की है। उन्होंने कुल 7 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें स्लीवलैस क्रॉप टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहने बोल्ड पोज देते हुए देखा जा सकता हैत् इसमें उनका स्लिम और वेल टोंड फिगर भी नजर आ रहा है। जाह्नवी कपूर के बाल खुले हुए हैं। उन्होंने मेकअप कर रखा है और वह बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं जाह्नवी कपूर ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'अनडन जाह्नवी कपूर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है।इसे 2 घंटे में सवा 6 लाख से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं इस पर 3800 कमेंट किए गए हैं कई लोगों ने तस्वीरों पर स्टनिंग, ब्यूटीफुल, कोई इतना खूबसूरत कैसे हो सकता है, जो जाह्नवी से जले जरा साइड से चले, सो ब्यूटीफुल, लुकिंग हॉट, फायर जैसे कमेंट कर रहे हैं। जाह्नवी कपूर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर जंगल की आग की तरह फैल रही है एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हाल ही में फिल्म गुड लक जेरी में नजर आई थी। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था। जाह्नवी कपूर ने फिल्म धड़क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म की रिलीज से पहले ही श्रीदेवी का निधन हो गया था। श्रीदेवी जाह्नवी कपूर की मां थी जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर भी जल्द फिल्मों में नजर आने वाली हैत् हाल ही में उनकी फिल्म द आर्चीज का ट्रेलर जारी किया गया हैत् इस फिल्म में उनके अलावा सुहाना खान और अगस्त्स्य नंदा की भी अहम भूमिका है। जाह्नवी कपूर की फोटोज पर फैंस दिल खोलकर कमेंट्स करते है ।

# दिल्ली के रीगल सिनेमा में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने देखी थी गुरु दत्त की 'कागज के फूल'

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** भारतीय सिनेमा के शुरुआती दौर में कई फिल्ममेकर्स ऐसे हुए, जिन्होंने वक्त से आगे का सिनेमा रचा और गढ़ा। उनकी फिल्में 50 के दौर में जितनी सामयिक थीं, उतनी ही अहमियत आज भी है। ऐसे ही फिल्मकारों में नाम लिया जाता है गुरु दत्त का। आजादी के सिर्फ छह साल है। रीगल सिनेमा में हुई थी स्क्रीनिंग यह तस्वीर 25 सितम्बर, 1959 की है, जब कागज के फूल की स्क्रीनिंग दिल्ली के रीगल सिनेमा हॉल में आयोजित की गयी थी और खुद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसमें शामिल हुए थे। तस्वीर में गुरु दत्त, डॉ. राधाकृष्णन का स्वागत करते नजर आ रहे हैं। एक जनवरी 1959 को रिलीज हुई कागज के



बाद 1951 में बाजी से अपने निर्देशकीय करियर की शुरुआत करने गुरु दत्त ने हिंदी सिनेमा को कागज के फूल और प्यासा जैसी फिल्मों दी हैं, जो आज भी अपनी सिनेमाई वैल्यू के लिए जानी जाती हैं और सिनेमा के विद्यार्थी इन फिल्मों को क्राफ्ट की गहराई समझने के लिए देखते है फिल्ममेकिंग के स्टूडेंट्स के लिए 'मास्टर क्लास' कागज के फूल से देश के दूसरे राष्ट्रपति और शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन से भी गहरा संबंध है, जिनका जन्म दिवस 5 सितम्बर को टीचर्स डे के रूप में मनाया जाता है। गुरु दत्त की कागज के फूल और डॉ. राधा कृष्णन के बीच संबंध दिखाने वाली तस्वीर आज टीचर्स डे के मौके पर ट्विटर पर सर्कुलेट हो रही फूल में गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने मुख्य भूमिकाएं निभायी थीं। इस फिल्म को भारतीय सिनेमा में तकनीकी रूप से एक क्रांति के रूप में जाना जाता है। खासकर, सिनेमैटोग्राफी के क्षेत्र में कागज के फूल मील का एक पत्थर की तरह है। फिल्म को 80 के दौर में दुनिया की कल्ट क्लासिक फिल्मों की लिस्ट में शामिल किया गया था। दिलचस्प बात यह कि रिलीज के कई साल बाद कल्ट क्लासिक बनी कागज के फूल क्रिटिकली और कमर्शियली फ्लॉप रही थी। इस फिल्म की नाकामयाबी ने गुरु दत्त को बर्बाद करके रख दिया था। इसके बाद गुरु दत्त ने बतौर निर्देशक कोई फिल्म नहीं की।कागज के फूल एक कामयाब फिल्ममेकर के आसमान से जमीन पर गिरने की कहानी है।

# ईडी का बड़ा आरोप, जान बूझकर अनदेखा किया सुकेश का आपराधिक अतीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज पर बड़ा आरोप लगाया है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि एक्ट्रेस ने सब कुछ समझते हुए भी सुकेश चंद्रशेकर के आपराधिक अतीत को अनदेखा किया और उसके साथ कोर्ट ने बुधवार को जैकलीन को 26 सितम्बर को उपस्थित होने के लिए समन भेजे हैं। दिल्ली कोर्ट ने 200 करोड़ एक्सटॉर्शन केस में ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन फर्नांडीज को भी सह-आरोपी बनाया है।समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीन सिंह ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट का ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसियों के साथ हमेशा सहयोग किया है और अब तक सारे समंस का पालन किया है। उन्होंने ईडी को सारी सम्भव जानकारियां सौंप दी हैं। एएनआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि ईडी के मुताबिक, जांच के दौरान, सुकेश चंद्रशेखर और उसके सहयोगियों से जुड़े कई स्थानों पर



आर्थिक लेनदेन करती रहीं। इडी ने यह भी पाया कि पैसे के लालच की वजह से उन्होंने उस व्यक्ति के आपराधिक इतिहास को भी नजरअंदाज कर दिया। इतना ही नहीं जैकलीन खुद को और रिश्तेदारों को मिलने वाले तोहफों को लेकर लगातार अपना पक्ष बदलती रहीं। ईडी ने चार्जशीट में यह भी आरोप लगाया है कि वो सुकेश द्वारा खरीदी गयी कुछ चीजों से भी इनकार करती रहीं, जिसकी जांच सबूतों के आधार पर की जा रही है। बता दें, ट्रायल संज्ञान लेते हुए 26 सितम्बर को उपस्थित होने के लिए कहा है। इसी केस की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के एडवोकेट ने भी कोर्ट को बताया कि जैकलीन को 29 अगस्त को उपस्थित होने के लिए कहा गया था, मगर वो नहीं आयीं। इसलिए उन्हें दोबारा समन भेजे गये हैं।इस पर जैकलीन के वकील ने कोर्ट को विश्वास दिलाया कि वो हाजिर होंगी और जांच एजेंसी से सहयोग भी करेंगी। जैकलीन के वकील प्रशांत पाटिल छापामारी की गयी थी। सर्च के दौरान, पीएमएलए के सेक्शन 17 के तहत 16 उच्च तकनीक वाले वाहन कब्जे में लिये गये थे। ये कारें लीना पाउलोज की फर्मों या किसी तीसरी पार्टी के नाम में दर्ज हैं। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि अब तक की जांच में यह भी पाया गया है कि आरोपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर अपराध में शामिल है। उन्होंने भारत और विदेश में रह रहे परिवार के सदस्यों के लिए महंगे तोहफे लिये, जिसके चलते मनी

# अल्लू अर्जुन, यश और कार्तिक आर्यन के बाद अब इस एक्टर ने किया दिल जीत लेने वाला काम

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** द राइज के एक्टर अल्लू अर्जुन और केजीएफ स्टार यश फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बने रहते है। कुछ दिनों पहले दोनों पान मसाला कंपनी के विज्ञापन प्रस्ताव को ठुकरा देने को लेकर सुर्खियों में बने हुए थे, जबकि उन्हें मोटी रकम ऑफर की गई थी। इन साउथ सुपरस्टार्स के इस कदम की फैंस ने जमकर प्रशंसा की थी। अल्लू अर्जुन और यश के बाद यूथ आइकन कार्तिक आर्यन ने भी ऐसा ही किया। 9 करोड़ की मोटी फीस ऑफर होने के बाद भी भूल भुलैया 2 एक्टर ने पान मसाला ऐड को करने से मना कर दिया। इनके बाद अब एक और बॉलीवुड एक्टर इसी राह पर चल पड़े हैं और उन्होंने शराब ब्रांड का विज्ञापन करने से इंकार कर दिया है फिल्म काई पो चे और वेब सीरीज ब्रीद के लिए फेमस एक्टर अमित साध ने हाल ही में एक एल्कोहल ब्रांड के विज्ञापन को ठुकरा दिया क्योंकि वह अपने फैंस का दिल नहीं दुखाना चाहते हैं। अमित के इस कदम के बारे में जब उनसे पूछा गया तो एक्टर ने कहा, मैं अपने फैंस और अपने दर्शकों के लिए काम करता हूं।



# सोहेल खान से अलग होने की सीमा सजदेह ने बताई असली वजह, कहा - मुझे औरतें पसंद हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के छोटे भाई सोहेल खान और उनकी पतनी रहीं सीमा सजदेह तलाक को लेकर काफी सुखिर्यों में रहे थे। सोहेल और सीमा के तलाक की खबर ने हर किसी को चौंका कर रख दिया था। इस खबर के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के कई रिएक्शन आए थे। वहीं अब हाल ही में सीमा सजदेह हाल ही नेटफ्लिक्स के शो 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स सीजन 2' में नजर आईं। इस दौरान शो में सीमा के साथ संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर, चंकी पांडे की पतनी भावना पांडे' एक्ट्रेस नीलम कोठारी और एक्ट्रेस और इंडियन मैच मेकिंग सीमा तपारिया भी मौजूद थीं। शो में सभी ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सारी



बातें की। इस दौरान सीमा तपारिया ने सीमा सजदेह को लेकर एक ऐसी बात कह दी कि उनका ही चेहरा उतर गया। इसके साथ की सीमा ने सोहेल से अलग होनी की वजह का भी खुलासा किया। आइए जानते हैं क्या थी वो बात 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स सीजन 2' में जब सीमा सजदेह से सीमा तपारिया ने पूछा गया कि वो सोहेल खान से अलग क्यों हुईं? दोनों ने 22 साल पुरानी शादी को क्यों खत्म कर दिया? इस पर सीमा ने जवाब देते हुए कहा कि उनके विचार मिलते नहीं थे। इस पर सीमा तपारिया ने उन्हें कहा, 'आपने 22 साल साथ में बिताए हैं। इस दौरान जब सीमा सजदेह ने कहा कि वो काफी जिद्दी हैं। इस बात को सुनते ही सीमा तपारिया ने कहा ये हम जानते हैं। इसके बाद सीमा सजदेह ने मजाक में कहा, 'शायद मुझे औरतें पसंद हैं।' ये बात सुनकर महीप कपूर शॉक गईं और सीमा तपारिया के भी होश उड़ गए।'

# मणिरत्नम की फिल्म पीएस1 का ट्रेलर रिलीज

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मणिरतन्म का ड्रीम फिल्म पोनिन्यन सेल्वन यानी पीएस-1 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। मेकर्स ने अपनी इस फिल्म का ट्रेलर चेनन्ई स्थित नेहरू इनडोर स्टेडियम में इवेंट का आयोजन कर लॉन्च किया है। पोनिन्इन सेल्वन (इए-1) के ट्रेलर को रिलीज होते ही चंद मिनटों में यूट्यूब पर वायरल हो रहा है। देखते ही देखते ट्रेलर का हजारों व्यू मिल चुके हैं। ऐतिहासिक थीम पर बनी इस फिल्म के ट्रेलर में जबरदस्त ग्राफिक्स का कमाल दिख रहा है। पीएस-1 एक हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म है, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन और विक्रम समेत दक्षिण भारतीय सिनेमा के कई जाने-माने सुपरस्टार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर हिंदी समेत पांच भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पीएस-1 के हिंदी ट्रेलर को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर ने आवाज दी है, वहीं दक्षिण भारतीय भाषाओं के ट्रेलर में कमल हासन, राणा दग्गूबटी, पृथ्वीराज सुकुमारन और जयंत काइकिनी ने अपनी आवाजें दी है। पीएस-1 एक मेगा बजट फिल्म है, जिसमें दक्षिण के शक्तिशाली चोल राजवंश में सत्ता संघर्ष की कहानी दिखायी गयी है, जो कल्कि के नॉवल पोनिन्इन सेल्वन पर आधारित है।जाने-माने फिल्ममेकर हैरी बवेजा के बेटे हरमन बवेजा ने साल 2008 में फिल्म '2050' से डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनकी हीरोइन मिस वर्ल्ड प्रियंका चोपड़ा थीं। हरमन अपनी फिल्म के अलावा अपने लुक्स को लेकर भी खूब चर्चा में थे क्योंकि उनकी पर्सनैलिटी ऋतिक रोशन से मिलती-जुलती थी। इतनी चर्चा और पीआर के बाद भी फिल्म 2050 बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई। इस फिल्म के बाद हरमन कुछ और फिल्मों में नजर आए, लेकिन डूबते करियर के साथ वे गुमनामी में कही खो गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
**श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.**
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008- टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।
















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एस.के गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।






## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

**नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।**

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274